रोहतक
सोमवार, 22 अप्रैल 2024
चैत्र मास शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 28, अंक : 85
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00
मौसम
अधि. 37.1
न्यून. 20.8

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com







हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
पाठक सर्वे योजना
हरियाणा
माह : अप्रैल
दिनांक : 22 अप्रैल 2024

### अंदर के पन्नों पर

- न बदमाशी चलेगी और न दबंगई सहन की जाएगी : सैनी पेज-2
- शंभू रेलवे ट्रैक पर किसानों ने लगाया पक्का मोर्चा पेज-3
- कांग्रेस और सहयोगी दल जीते तो दंगे और होते पेज-7

### पीएम की जालोर में चुनावी रैली, बिना नाम लिए सोनिया पर कसा तंज

# जो चुनाव नहीं जीत सकते, वे राजस्थान से राज्यसभा में आए

**पार्टी ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर दिया | इनके पापों की सजा आज देश पार्टी को दे रहा | कभी 400 सीटें जीतने वाली आज 300 पर भी नहीं लड़ पा रही**

भाषा ▶▶| जयपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के राजस्थान से राज्यसभा सदस्य बनने पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग चुनाव नहीं जीत सकते वे 'मैदान से भागकर' राजस्थान से राज्यसभा में आए हैं। प्रधानमंत्री ने भीनमाल (जालोर) में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि पार्टी ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर दिया और उसके इन्हीं पापों की सजा आज देश पार्टी को दे रहा है। उन्होंने कहा कि जिस कांग्रेस पार्टी ने कभी देश में 400 लोकसभा सीट जीतीं थीं, आज वह 300 सीटों पर चुनाव नहीं लड़ पा रही है। मोदी ने कहा, ''जो लोग चुनाव नहीं लड़ सकते, चुनाव जीत नहीं सकते.. वे मैदान से भाग कर इस बार राजस्थान से राज्यसभा में आए हैं। कांग्रेस की इतनी हालत खराब है।'' कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी फरवरी में राजस्थान से राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने वाले सांसदों में शामिल हैं। इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के कई दिग्गजों को मैदान में नहीं उतारा गया हालांकि पार्टी ने उन अटकलों को खारिज कर दिया है कि वे चुनाव लड़ने से कतरा रहे थे।



बांसवाड़ा में चुनावी रैली में विपक्ष पर बोला तीखा हमला

**कहा- राजस्थान में उनके नेता घर-घर जाकर कह रहे पार्टी को वोट मत देना**

भाजपा गरीब कल्याण के लिए समर्पित

**हमारा दस साल का ट्रैक रिकॉर्ड गवाह**

ये काम सिर्फ और सिर्फ भाजपा ही कर सकती

#### कांग्रेस की दुकान में भय, भूख भ्रष्टाचार बिकता है : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा भाजपा गरीब कल्याण के लिए समर्पित है, पूरी ईमानदारी से काम करती है। कांग्रेस की दुकान में हमेशा भय, भूख और भ्रष्टाचार ही बिकता है। मोदी ने रविवार शाम बांसवाड़ा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी महेंद्रजीत सिंह मालवीया के समर्थन में खेल मैदान में जनसभा को संबोधित किया। इससे पहले मोदी ने जालोर के भीनमाल में जनसभा को संबोधित किया था। उन्होंने कहा- हमारा दस साल का ट्रैक रिकॉर्ड गवाह है। ये काम सिर्फ और सिर्फ भाजपा ही कर सकती है। क्या आप जिसका नाम ही नहीं है, पहचान नहीं है, पुराना रिकॉर्ड का अता-पता नहीं है, क्या उनको इतना बड़ा देश दे सकते हैं क्या। अपने बच्चों का भविष्य उसके हवाले कर सके। मोदी को आप जानते हैं न, 23 साल हो गए। 13 साल गुजरात में भी ये बांसवाड़ा-डूंगरपुर के लोगों ने मुझे करीब से देखा है। मैं आपके लिए एक तरह से घर का ही हूं।

### राहुल गांधी का केंद्र पर तीखा प्रहार

# रेलवे को बचाना है तो इस सरकार को हटाना पड़ेगा

**'रेल का सफर' सजा बना, हर वर्ग का यात्री प्रताड़ित हो रहा**

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार रेलवे को ''अयोग्य'' साबित करना चाहती है ताकि उसे इसे अपने ''मित्रों'' को बेचने का बहाना मिल सके। उन्होंने लोगों से आम आदमी की सवारी को बचाने के लिए मोदी सरकार को हटाने का अनुरोध किया। राहुल गांधी ने सरकार पर निशाना साधने के लिए 'एक्स' पर एक वीडियो साझा किया जिसमें लोग ट्रेन के शौचालयों में और फर्श पर बैठकर यात्रा करते हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''नरेन्द्र मोदी के राज में 'रेल का सफर' सजा बन गया है। आम आदमी की ट्रेनों से जनरल डिब्बे कम कर सिर्फ 'एलीट ट्रेनों' का प्रचार कर रही मोदी सरकार में हर वर्ग का यात्री प्रताड़ित हो रहा है।'' उन्होंने दावा किया कि लोग 'कन्फर्म' टिकट लेकर भी अपनी सीट पर चैन से बैठ नहीं पा रहे, आम आदमी जमीन पर और शौचालय में छिपकर यात्रा करने को मजबूर हैं। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया, ''मोदी सरकार अपनी नीतियों से रेल को कमजोर कर 'अयोग्य' साबित करना चाहती है ताकि उसे अपने मित्रों को बेचने का बहाना मिल सके।'' राहुल गांधी ने कहा कि अगर आम आदमी की सवारी को बचाना है तो रेलवे को बर्बाद करने में जुटी मोदी सरकार को हटाना होगा।'



#### तबीयत बिगड़ी, गठबंधन की रैली में नहीं हुए शामिल

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने रविवार को कहा कि पार्टी नेता राहुल गांधी रांची में 'इंडिया' गठबंधन की रैली में भाग नहीं ले पाएंगे क्योंकि वह ''बीमार हैं और फिलहाल नयी दिल्ली से बाहर जाने में असमर्थ हैं।'' कांग्रेस महासचिव संचार प्रभारी रमेश ने कहा, ''राहुल गांधी आज सतना और रांची में चुनाव प्रचार करने के लिए पूरी तरह तैयार थे, जहां 'इंडिया' की रैली आयोजित की जा रही है। वह अचानक बीमार हो गए और फिलहाल नयी दिल्ली से रवाना होने में असमर्थ हैं।' *(संबंधित खबर पेज 7 पर)*

### खबर संक्षेप

#### वॉकर अक्षदीप, प्रियंका को ओलंपिक कोटा

**अंताल्या (भाषा)।** अक्षदीप सिंह और प्रियंका गोस्वामी की भारत की मिश्रित रिले टीम ने यहां विश्व एथलेटिक्स पैदल चाल टीम चैम्पियनशिप में 18वें स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर लिया । शीर्ष 22 टीमें स्वतः पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करेंगी। भारतीय जोड़ी ने सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन करते हुए 42 . 195 किलोमीटर की दूरी तीन घंटे पांच मिनट तीन सेकंड में पूरी की । *एजेंसी*

#### कांग्रेस उम्मीदवार शशि थरूर पर एफआईआर



**नई दिल्ली।** तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस उम्मीदवार शशि थरूर पर एफआईआर दर्ज की गई है। ये ए फ आ ई आ र भाजपा नेता जेआर पद्मकुमार ने कराई है। पद्मकुमार का आरोप है कि थरूर ने एक टीवी प्रोग्राम के दौरान तिरुवनंतपुरम से भाजपा उम्मीदवार राजीव चंद्रशेखर पर अपमानजनक टिप्पणी की। *एजेंसी*

#### रामलला के दर्शन को देनी होगी कड़ी 'परीक्षा'

**अयोध्या।** राम मंदिर में पहुंच रहे श्रद्धालुओं को रामलला के दर्शन अब आसानी से नहीं मिल सकेंगे। इसके लिए पहले उन्हें कड़ी 'परीक्षा' से गुजरना होगा। इसके बाद ही रामलला के दर्शन के लिए एंट्री मिलेगी। फर्जीवाड़ा पर अंकुश के लिए पास धारक श्रद्धालुओं की त्रिस्तरीय जांच की व्यवस्था पहली बार लागू कर दी गई है। इस जांच के लिए पास धारकों को निर्गत पास के आईडी को अपने साथ लेकर जाने की अनिवार्यता हो गई है। एजेंसी

# एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा दूल्हे के भाई समेत 5 की मौत

**आगरा में टकराई कार, अर्टिगा में थे 8 लोग सवार**

एजेंसी ▶▶| नोएडा-आगरा

एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार अर्टिगा कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में दूल्हे के भाई समेत 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 लोग घायल हो गए। सभी शादी समारोह में शामिल होने के लिए दिल्ली से देवरिया जा रहे थे। कार की स्पीड तेज थी। इस दौरान ड्राइवर को झपकी आ गई। हादसा शनिवार देर रात हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। मरने वालों में दूल्हे का भाई भी शामिल है। हादसे के बाद घरवालों ने शादी रद कर दी है। मरने वालों वालों की पहचान नोएडा के रहने वाले गौतम (दूल्हे का भाई), चंदन (32), सुदेश (28) और पटना निवासी संजीव शर्मा, प्रवीण के रूप में हुई है। नोएडा के रहने वाले राहुल, कुलदीप और गाजियाबाद के अजय कुमार गंभीर रूप से घायल हैं।



#### कार में शराब की बोतलें मिलीं

एसीपी एत्मादपुर सुकन्या शर्मा ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के तिगड़ी में रहने वाले संतोष की 21 अप्रैल को शादी थी। बस और कारों से बारात नोएडा से देवरिया जा रही थी। अर्टिगा कार में 8 लोग सवार थे। इनमें दूल्हे का भाई भी था। तेज स्पीड और झपकी आने की वजह से हादसा हुआ है। इस कार के पीछे-पीछे आ रहे अन्य बाराती हादसे के बाद वहीं रुक गए। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार में फंसे लोगों को बमुश्किल बाहर निकाला गया। हादसे में 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस कर्मियों ने घायलों को कार से निकाल कर एसएन मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। वहां एक और घायल ने दम तोड़ दिया। कार में शराब की बोतल भी मिली हैं।

**नोएडा से देवरिया जा रही थी बारात**

■

**शादी कैंसिल, तीन गंभीर घायल, घर में पसरा मातम**

## शक्तिसिंह गोहिल का नामांकन खारिज, करेंगे अदालत का रुख

**अहमदाबाद (भाषा)।** कांग्रेस की गुजरात इकाई के प्रमुख शक्तिसिंह गोहिल ने रविवार को आरोप लगाया कि सूरत लोकसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार का नामांकन पत्र भाजपा के इशारे पर खारिज किया गया। इस घटनाक्रम को ''लोकतंत्र की हत्या'' करार देते हुए गोहिल ने कहा कि प्रस्तावकों के हस्ताक्षर में कथित विसंगतियों को लेकर पार्टी उम्मीदवार नीलेश कुंभाणी का नामांकन पत्र रद्द करने के निर्वाचन अधिकारी के फैसले के खिलाफ कांग्रेस गुजरात उच्च न्यायालय में याचिका दायर करेगी।



भाजपा के इशारे पर ऐसा किया गया

#### पाकिस्तानी पिस्तौल और चीनी ग्रेनेड बरामद, पुलिस बोली- चुनाव से पहले अशांति फैलाने की आशंका

# पुंछ में आतंकवादियों का मददगार हेडमास्टर पकड़ा

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पुंछ जिले के हरि बुद्ध इलाके के एक स्कूल से आतंकी के मददगार शख्स को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि आतंकी का मदद करने वाला कमरुद्दीन स्कूल का हेडमास्टर है। उसके पास से एक पाकिस्तानी पिस्तौल और 2 चीनी ग्रेनेड मिले हैं। पुलिस ने कहा- सूचना मिलने पर स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसपीजी) के साथ मिलकर सर्च ऑपरेशन चलाया गया था। कमरुद्दीन के ठिकानों पर कई जवान एक साथ पहुंचे। हमें आशंका है कि लोकसभा चुनाव से पहले इलाके में अंशाति फैलाने के लिए कुछ प्लानिंग की जा रही थी।

**कई आतंकी घटनाओं में हाथ होने का शक**

#### पहले से था शक

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जम्मू-कश्मीर पुलिस को पहले से ही हेडमास्टर पर शक था, लेकिन सबूत न होने की वजह से कार्रवाई नहीं की गई थी। करीब दो महीने से जम्मू-कश्मीर पुलिस हेडमास्टर की हर एक्टिविटी पर नजर रख रही थी। पुलिस को शक है कि राजौरी-पुंछ में पिछले दिनों हुई आतंकी घटनाओं में कमरुद्दीन का हाथ था। जांच एजेंसी की पूछताछ में कई खुलासे होने की संभावना है।

## महुआ मोइत्रा के पास 80 लाख की हीरे की अंगूठी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर से तृणमूल कांग्रेस की उम्मीदवार महुआ मोइत्रा ने अपना दाखिल किए नामांकन पत्र में बताया है कि उनकी संपत्ति में 80 लाख की हीरे की अंगूठी, 2.72 लाख का चांदी का डिनर सेट और 30 लाख का एक आर्ट वर्क भी शामिल है। लोकसभा सचिवालय ने कैश फॉर क्वेरी केस में 8 दिसंबर 2023 को महुआ की लोकसभा सदस्यता खत्म कर दी थी।



टीएमसी नेता ने दाखिल नामांकन में दी जानकारी

## चुनाव आयोग का शिवसेना उद्धव गुट को नोटिस

**मुंबई (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने रविवार को शिवसेना (उद्धव गुट) को नोटिस भेजकर कैंपेन सॉन्ग से 'भवानी' शब्द हटाने को कहा है। आयोग ने कहा कि यह शब्द हिंदू देवी से जुड़ा हुआ शब्द है। इलेक्शन में इस तरह के धार्मिक नारे का इस्तेमाल नहीं कर सकते। आयोग के नोटिस पर उद्धव ठाकरे ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि वे अपने थीम सॉन्ग से भवानी शब्द नहीं हटाएंगे।



कैंपेन सॉन्ग से भवानी शब्द हटाने को कहा

## शराब घोटाले में सेवानिवृत्त आईएएस टुटेजा गिरफ्तार

**रायपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राज्य में कथित शराब घोटाले से जुड़े धनशोधन के एक मामले में छत्तीसगढ़ के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा को गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों ने बताया कि आईएएस अधिकारी को बाद में पीएमएलए के प्रावधानों के तहत हिरासत में ले लिया गया और उन्हें रिमांड पर लेने के लिए मजिस्ट्रेट के सामने पेश किए जाने की संभावना है।



पीएमएलए के प्रावधानों के तहत लिया हिरासत में

# अवैध अंग प्रतिरोपण में लिप्त अस्पतालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें सभी राज्य

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी किए निर्देश

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से अवैध अंग प्रतिरोपण करने वाले अस्पतालों के पंजीकरण निलंबित करने सहित तमाम उचित कार्रवाई करने और किसी भी उल्लंघन की जांच करने को कहा है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। भारत सरकार के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक (डीजीएचएस) डॉ. अतुल गोयल ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को लिखे एक पत्र में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से विदेशियों सहित सभी प्रतिरोपण मामलों के डेटा नियमित रूप से संग्रह करने और मासिक आधार पर राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रतिरोपण संगठन (एनओटीटीओ) के साथ साझा करने का आग्रह किया है। मंत्रालय का यह निर्देश हरियाणा और राजस्थान में बांग्लादेशी नागरिकों से जुड़े अंग तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ होने के दो सप्ताह बाद आया है। डॉ. गोयल ने कहा कि एनओटीटीओ की रजिस्ट्री को यह भी पता चला है कि देश में विदेशियों के अंग प्रतिरोपण की संख्या में वृद्धि हुई है, जिसे देखते हुए ऐसे प्रतिरोपणों की संबंधित राज्य या केंद्रशासित प्रदेश सरकार द्वारा निगरानी की आवश्यकता है।

**ऐसे अस्पतालों का पंजीकरण रद करने का भी निर्देश दिया**

### 28 सप्ताह का गर्भ हटाने की मांग

## नाबालिग की याचिका पर आज सुनवाई करेगा कोर्ट

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय एक कथित बलात्कार पीड़िता के 28 सप्ताह के गर्भ को समाप्त करने के अनुरोध संबंधी याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला की पीठ सोमवार को मामले पर सुनवाई करेगी। उच्चतम न्यायालय ने 19 अप्रैल को 14 वर्षीय पीड़िता की मां द्वारा दायर याचिका पर उसकी चिकित्सा जांच का आदेश दिया था। याचिका में बम्बई उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती दी गई थी, जिसमें उसकी गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया गया था।



**राहत** स्नातक पाठ्यक्रम में न्यूनतम 75 फीसदी अंक होना जरूरी

### नेट के लिए न्यू. 55 प्रतिशत अंकों की आवश्यकता

# 4 वर्षीय स्नातक डिग्री वाले छात्र अब सीधे पीएचडी कर सकेंगे : यूजीसी

**नई दिल्ली (भाषा)।** चार वर्षीय स्नातक डिग्री वाले छात्र अब सीधे राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) में शामिल होने के साथ ही पीएचडी भी कर सकते हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने यह जानकारी दी। जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) के साथ या उसके बिना पीएचडी करने के लिए अभ्यर्थियों को अपने चार साल के स्नातक पाठ्यक्रम में न्यूनतम 75 % अंक या समकक्ष ग्रेड की आवश्यकता होगी। अब तक, नेट के लिए अभ्यर्थी को न्यूनतम 55 % अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री की आवश्यकता होती थी। चार साल की स्नातक डिग्री वाले अभ्यर्थी अब सीधे पीएचडी कर सकते हैं और नेट परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। ऐसे उम्मीदवारों को जिस भी विषय में वे पीएचडी करना चाहते हैं, उसमें करने की अनुमति होगी, भले ही उन्होंने किसी भी विषय में चार वर्षीय स्नातक डिग्री प्राप्त की हो।'



**ग्रेजुएशन के विषय से अलग विषय में भी कर सकेंगे नेट, आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों को 5% अंकों की छूट**

#### विशेष वर्ग में मिलेगी छूट

यूजीसी अध्यक्ष ने कहा, ''चार साल या आठ सेमेस्टर के स्नातक डिग्री कार्यक्रम में उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों के पास कुल मिलाकर न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक या इसके समकक्ष ग्रेड प्राप्त होना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि यूजीसी द्वारा समय-समय पर लिए गए निर्णय के अनुसार अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर), दिव्यांग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और कुछ अन्य श्रेणियों के उम्मीदवारों के लिए पांच प्रतिशत अंक या इसके समकक्ष ग्रेड की छूट दी जा सकती है।



तैयारी

# रोचक होगा कुरुक्षेत्र का संग्राम, भाजपा-आप और इनेलो ने झोंकी ताकत

*अब तक कांग्रेस ने चार बार, भाजपा, जनता पार्टी व इनेलो ने दो-दो बार चखा जीत का स्वाद, जनता दल व हविपा के उम्मीदवार भी एक-एक बार सांसद बनने में हुए कामयाब।*

## यमुनानगर से कुरुक्षेत्र तक नई रेलवे लाइन, यमुनानगर से कुरुक्षेत्र और कैथल तक राष्ट्रीय राजमार्ग को चार मार्गी करने का मुद्दा गरमाया

भगवान सिंह राणा ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा गठन के बाद वर्ष 1977 में अस्तित्व में आई कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में चुनावी रण पूरी तरह सज चुका है। धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र वर्ष 2024 के चुनावी महासमर में किस राजनीतिक दल के प्रत्याशी के सिर पर ताज पहनाएगा और किसे हार का स्वाद चखाएगा यह अभी भविष्य के गर्भ में है। मगर धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र के चुनावी महासमर में कुछ दलों के योद्धाओं ने मैदान में उतरकर अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। जबकि कुछ राजनीतिक दल अपने योद्धाओं को जल्द मैदान में उतारने के लिए तैयार हैं। खास बात यह है कि कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में इस बार चुनावी महासमर रोमांचक होने की संभावना बन रही है। जजपा भी उम्मीदवार उतारने पर अभी मंथन कर रही है।



ऐसे होती रही हार और जीतः कुरुक्षेत्र लोकसभा के 1977 में अस्तित्व में आने के बाद से अब तक चार बार कांग्रेस ने जीत का परचम फहराया है। जबकि जनता पार्टी, इनेलो व भाजपा ने दो-दो बार व जनता दल और हविपा ने एक एक बार जीत का स्वाद चखा है।

### नौ विधानसभा क्षेत्र शामिल

धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में 1977 में जनता पार्टी से रघुबीर सिंह विर्क, 1980 में जनता पार्टी से मनोहर लाल सैनी,19 84 में कांग्रेस से सरदार हरपाल सिंह, 1989 में जनता दल से गुरुदयाल सिंह सैनी, 1991 में कांग्रेस से तारा सिंह, 1996 में हरियाणा विकास पार्टी से ओपी जिंदल, 1998 में इनेलो से कैलाशो सैनी, 1999 में इनेलो से कैलोशो सैनी, 2004 में कांग्रेस से नवीन जिंदल, 2009 में कांग्रेस से नवीन जिंदल, 2014 में भाजपा से राजकुमार सैनी व 2019 में भाजपा से नायब सिंह सैनी ने जीत का परचम फहराया है। वहीं कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में कुरुक्षेत्र, कैथल व यमुनानगर जिलों के नौ विधानसभा क्षेत्र हैं। जिनमें रादौर, लाडवा में कांग्रेस के विधायक हैं। वहीं, शाहबाद व गुहला में जेजेपी के विधायक हैं। जबकि थानेसर, पेहवा, कलायत व कैथल में भाजपा के विधायक है। पूंडरी विधानसभा क्षेत्र से एक अन्य दल से रणधीर सिंह गोलन विधायक हैं।

### मुद्दों को लेकर गरमा रही राजनीति

कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में स्थानीय मुद्दों समेत अंतरराष्ट्रीय स्तर के मुद्दे सिर चढ़कर हावी रहे हैं। स्थानीय मुद्दों में लोकसभा कुरुक्षेत्र की यमुनानगर से कुरुक्षेत्र तक नई रेलवे लाइन की मांग पुरानी मांग रही है। इस मांग को लेकर हर बार अक्सर चुनावों में दावे हुए हैं। लेकिन अभी तक यह मांग पूरी नहीं हो पाई है। वहीं, यमुनानगर से कुरुक्षेत्र और कैथल तक राष्ट्रीय राजमार्ग को चार मार्गी करने का मुद्दा भी अभी तक पूरा नहीं हुआ है। कुरुक्षेत्र को पर्यटन के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना भी चुनावी मुद्दा भी हर बार के चुनाव में हावी रहा है। हालांकि इसके लिए केंद्र सरकार की ओर से कुरुक्षेत्र को श्रीकृष्णा सर्किट में शामिल कर हर वर्ष सौ करोड़ रुपये दिए जाने का प्रावधान भी किया गया है। इसे लेकर कई बड़ी परियोजनाओं पर काम चल रहा है। कुरुक्षेत्र को हवाई मार्ग से जोड़ना भी एक बड़ा मुद्दा रहा है। इसके लिए केंद्रीय टीम की ओर से पिछले दिनों लाडवा के पास गांव बीड़ सौंटी व गांव उमरी की जमीन का मुआयना किया गया है।

### चुनावी समर होगा रोमांचक

वर्ष 2024 के चुनावी रण में अभी तक आप-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी सुशील गुप्ता, भाजपा से पूर्व सांसद नवीन जिंदल, इनेलो से अभय चौटाला व एसएडी(ए) से खजान सिंह ने चुनाव प्रचार शुरु कर दिया है। जबकि बसपा व जजपा पार्टी समेत अन्य दलों के योद्धाओं के नाम अभी सामने नहीं आए हैं। 29 अप्रैल से कुरुक्षेत्र लोकसभा के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरु हो रही है। नाम वापस लिए जाने की तिथि के बाद ही कुरुक्षेत्र रण में कितने राजनैतिक दलों ने चुनाव मैदान में अपने योद्धाओं को उतारा है, इस बारे में पता चलने की उम्मीद है। मगर अभी तक कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र की स्थिति का आंकलन करें तो चुनावी समर रोमांचक होने वाला है।

सियासी हलचल

## कांग्रेस को प्रत्याशी नहीं मिल रहे, पकड़-पकड़कर ला रही



**अंबाला।** पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा अम्बाला छावनी विधायक अनिल विज ने कहा कि लोकसभा चुनाव में तो नतीजा दीवार पर लिखा है कि अबकी बार 400 पार। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस पकड़-पकड़कर उम्मीदवार ला रही है और बीते दस सालों में कांग्रेस का कोई संगठन नहीं है। इसके विपरीत भाजपा में राष्ट्रीय, राज्य, जिले, हल्के, वार्ड स्तर व पन्ना प्रमुख तक टीमें बनी है और भाजपा एक प्रजातांत्रिक पार्टी है। विज रविवार को शाहबाद मारकंडा में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र जैन के कार्यालय में निजी कार्यक्रम में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।पूर्व मंत्री अनिल विज ने सुरजेवाला द्वारा हेमा मालिनी पर टिप्पणी करने के प्रश्न पर कहा कि राजनीति में भाषा का प्रयोग ठीक होना चाहिए।

## मंडियों में किसानों की सुध नहीं ले रही सरकार




**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य कुमारी सैलजा ने कहा कि 48 से 72 घंटे के अंदर किसानों को गेहूं खरीद का भुगतान करने का भाजपा सरकार का वादा जुमला साबित हुआ है। मंडियों में बिक चुकी आधी से अधिक फसल का अभी तक भुगतान पेंडिंग है, जबकि इसकी बिक्री को 12-15 दिन तक हो चुके हैं। इसके साथ ही मंडियों से गेहूं का धीमा उठान आढ़तियों व किसानों के लिए समस्या बन गया है। खुले व बोरियों में रखे गेहूं पर पश्चिमी विक्षोभ के कारण फिर से खराब होने का भी खतरा मंडरा रहा है।

### बहादुरगढ़ और नांगल चौधरी में विजय संकल्प रैली में गरजे सीएम

# न बदमाशी चलेगी न दबंगई सहन की जाएगी : नायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

मुख्यमंत्री नायब सैनी व्यापारियों को मिल रही धमकियों पर कड़ा संज्ञान लेते हुए चेतावनी दी कि या तो दबंगई-दबंगई छोड़ दें या फिर कड़े परिणाम भुगतान के लिए तैयार रहें। पुलिस किसी भी सूरत में किसी भी दबंगई को नहीं बख्शेगी। उन्होंने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि व्यापारियों की सुरक्षा में किसी प्रकार की कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। सीएम सैनी रविवार को रोहतक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार डॉक्टर अरविंद शर्मा के समर्थन में बहादुरगढ़ में आयोजित विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे।हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कार्यकर्ताओं से प्रदेश की सभी लोकसभा सीटों व करनाल विधानसभा सीट बड़े अंतराल से जीतने का आह्वान करते हुए कहा कि हर घर जाकर लोगों को साधने का काम करें, ताकि भाजपा की बड़ी जीत सुनिश्चित हो सके। नायब सैनी ने कहा कांग्रेस की हालत ऐसी हो गई है कि उनके पास टिकट लेने वाला कोई नहीं है। कोई चुनाव लड़ना ही नहीं चाहता। इसलिए कांग्रेस अब तक प्रत्याशियों की घोषणा नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा किप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 साल के दौरान सबका विकास किया है और योजनाबद्ध तरीके से गरीबों को लाभ पहुंचाने का काम किया है।



बहादुरगढ़। जनता का अभिवादन स्वीकार करते मुख्यमंत्री व अन्य नेता।

### कांग्रेस ने गरीबों के सुध नहीं ली

बहादुरगढ़ की सब्जी मंडी में भाजपा की विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए सीएम नायब सैनी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 55-60 साल में जो कांग्रेस देश में गरीबी कम नहीं कर पाई, वो अब कैसे एक झटके में गरीबी कम कर देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी को अब बताना चाहिए कि अब उनके पास ऐसा कौन सा अलादीन का चिराग है, जिसके सहारे वह एक झटके में गरीबी को खत्म करने का काम करेंगे। नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस के इस झूठ से लोगों को बचाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झूठ बोलकर लोगों को बरगलाने का काम कर रही है।नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस 55 साल में गरीबी नहीं हटा पाई लेकिन, भाजपा ने अपने 10 सालों में गरीबों के लिए अनेकों योजनाएं बनाई जिनमें मुफ्त राशन, आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला योजना शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हुआ है। चारों तरफ हाईवे, ग्रीनफील्ड हाईवे, सुपर एक्सप्रेसवे बनाए गए हैं। बहादुरगढ़ में केएमपी और केजीपी के माध्यम से यातायात सुगम हुआ है और लोगों को काफी राहत मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर घर नल योजना के तहत स्वच्छ जल पहुंचाने का काम किया है। स्वामित्व योजना के तहत यहां के किराएदार लोगों को जमीन का मालिकाना हक दिया गया है।

### 400 सीट जीतकर फिर सरकार बनाएंगे : सीएम

नांगल चौधरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 400 से अधिक सीटें जीतकर तीसरी बार सरकार बनाने का दावा किया है, लेकिन नांगल चौधरी हलके में प्रधानमंत्री के दावों का कितना असर है, इसका नमूना विजय संकल्प जनसभा में तार-तार होता दिखाई दिया। यहां स्टेज के होर्डिंग में केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह की फोटो नहीं लगाई। आपको बता दें कि लोकसभा चुनावों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गंभीर हैं। प्रदेश में सीएम चेहरा बदलकर ओबीसी वर्ग को खुश करने का प्रयास किया गया है। नवगठित सरकार को सभी दस सीटें जीतने का मूलमंत्र दिया गया है। हाईकमान के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री हलका वाइज विजय संकल्प जनसभा करने में जुटे हुए हैं। नांगल चौधरी अनाज मंडी में सिंचाई राज्यमंत्री डॉ अभय सिंह यादव की अगुवाई में जनसभा का आयोजन हुआ है। इसके बाद प्रत्याशी धर्मबीर सिंह ने भाषण शुरू किया और उन्होंने मोदी की उपलब्धियों का बखान करके वोट मांगे। अंत में सीएम नायब सैनी ने भाषण शुरू किया, लेकिन लोगों ने कुर्सियां खाली करनी शुरू कर दी। जिस कारण लोगों में गुटबाजी और जनसभा में फिर गए कटाक्ष चर्चा का विषय बना रहा है। जनसभा में लोकसभा के प्रभारी एवं कोसली के विधायक लक्ष्मण यादव, अटेली के विधायक सीताराम, पूर्व राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव, पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव, जिला प्रधान दयाराम यादव व अन्य मौजूद रहे।

### चुनाव में पार्टियां पैराशूट प्रत्याशी न उतारें : कंडेला

**जींद।** सर्व खाप व जनकल्याण मंच किसान संगठनों ने बैठक कर सभी राजनीतिक दलों को अल्टीमेटम दिया है कि जल्द ही किसानों की समस्याओं को दूर किया जाएगा। सर्वजातीय खाप पंचायत के राष्ट्रीय संयोजक भारतीय किसान मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला ने राष्ट्रीय कार्यालय में बैठक के बाद लिए गए फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि सी टू जमा 50 प्रतिशत के साथ फसल का एमएसपी दिया जाए, हिंदू मैरिज एक्ट में बदलाव किया जाए, लिव इन रिलेशनशिप को खत्म किया जाए, मनरेगा को खेती के साथ जोड़ा जाए, जींद में बड़ा औद्योगिक कारखाना लगाया जाए। बैठक में मौजूद रहे भारतीय किसान यूनियन के प्रधान जयदीप चहल ने कहा कि सभी राजनीतिक दल लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं, इसलिए सभी को पैराशूट प्रत्याशी नहीं उतारने का अल्टीमेट दिया गया।

**INSTITUTE OF LAW & RESEARCH**
(App. by Bar Council of India & Aff. to M.D. University, Rohtak)
Jasana, Faridabad- 121101
M.: 7065007006 Email: aeri.ilr@gmail.com Website: ilrfaridabad.com
Institute invites applications for the following positions on regular basis:
➤PRINCIPAL-1 ➤ASST. PROF.(Law)-6
Pre Law Asst. Prof.:- English-1, Sociology-1 & Librarian-1
Qualifications, Pay Scales, Experience as per norms BCI / AICTE / UGC/ STATE GOVT / MDU Rohtak.
Interested candidates may download the application form the website of the college **www.ilrfaridabad.com** or obtain from the office of the college on any working day & send application form to the Chairperson of the institute duly completed alongwith visible copy of all testimonials (DMCs), Experience certificate etc. by Registered post, email or by hand within 21 days **14th May, 2024**. A copy application form alongwith all testimonial must be sent to the DCDC, M D University, Rohtak.
**Note**: Only eligible candidates / applicants whose application form is / are received in the Institute as well as in the office of the DCDC, MDUR in due date will be called for the interview. CHAIRPERSON

## आयोग से शिकायत

**चंडीगढ़।** चुनाव और आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए हरियाणा पंजाब हाई कोर्ट वकील की ओर से चुनाव आयुक्त को शिकायत की गई है। इस शिकायत में एक विधायक के भाई को मनमानी जगह लगाए जाने पर आपत्ति उठाई गई है। इस तरह से लगातार ब्यूरोक्रेट्स की पोस्टिंग को लेकर भारतीय चुनाव आयोग को शिकायतें की जा रही हैं। आईपीएस और आईएएस अफसर के बाद अब एक आईआरएस अफसर की शिकायत भारतीय चुनाव आयोग भेजी है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के एडवोकेट रविंद्र सिंह ढुल ने भारतीय राजस्व सेवा अफसर देवेंद्र सिंह कल्याण को हटाए जाने की मांग की है। शिकायत में कहा गया है देवेंद्र सिंह कल्याण के भाई हरविंद्र कल्याण घरौंडा विधानसभा से भाजपा विधायक हैं।

## रोहतक से दीपेंद्र की जगह चुनाव लड़ सकते हैं भूपेंद्र सिंह हुड्डा



रोहतक। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों की घोषणा पार्टी के लिए ही सिर दर्द बनी हुई है। एक के बाद एक दिन गुजर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस के उम्मीदवार तय नहीं हो रहे। हिसार से श्रुति चौधरी और किरण चौधरी में कौन आएगा, अभी तक फाइनल नहीं हो पाया। वैसे कांग्रेस श्रुति चौधरी की जगह किरण चौधरी को मैदान में उतारने की तैयारी में है। हरियाणा की सबसे हॉट सीट रोहतक लोकसभा पर उम्मीदवार का नाम तय नहीं होना अपने आप में बड़ी बात है। दीपेंद्र हुड्डा लगातार प्रचार कर रहे हैं, तय माना जा रहा था कि रोहतक लोकसभा से वे प्रत्याशी होंगे। लेकिन रविवार को अचानक हवा बदली और रोहतक लोकसभा सीट से दूसरे हुड्डा का नाम सामने आने लगा। लोकसभा चुनाव लड़ने से इनकार कर चुके भूपेंद्र सिंह हुड्डा का नाम कभी सोनीपत सीट के लिए चल रहा था तो कभी किसी दूसरी सीट के लिए। लेकिन रविवार को कांग्रेस की चुनाव समिति की बैठक हुई तो भूपेंद्र सिंह का नाम रोहतक लोकसभा सीट के लिए आने लगा। लगभग तय भी हो चुका है कि रोहतक लोकसभा सीट से भूपेंद्र सिंह हुड्डा पार्टी के प्रत्याशी होंगे।

### राज्यसभा सीट का पेंच

कुमारी सैलजा बहुत पहले से बोल रही हैं कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा को चुनाव लड़ना चाहिए। लेकिन हुड्डा इनकार कर रहे थे। चुनाव समिति की बैठक हुई तो एक बात यह निकलकर सामने आई कि अगर कांग्रेस रोहतक लोकसभा सीट पर जीत के लिए पूरी तरह आश्वस्त है तो दीपेंद्र हुड्डा को राज्यसभा इस्तीफा क्यों दिलवाना। अगर दीपेंद्र राज्यसभा सांसद की सीट छोड़ते हैं तो कांग्रेस की एक सीट कम हो जाएगी। हरियाणा में कांग्रेस फिलहाल इस स्थिति में नहीं है कि राज्यसभा की सीट जीत सके। रोहतक लोकसभा से चुनाव लड़ने वालों में भूपेंद्र सिंह हुड्डा की पत्नी आशा हुड्डा का नाम भी आ रहा है।

खबर का वीडियो देखने के लिए स्केन करें

**हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना 2023 के विजेताओं के नाम**

**सुनिश्चित पुरस्कार**

51. मनजीत सिंधु सुपुत्र स्व. श्री कर्मबीर सिंधु शमी नगर, भिवानी रोड, जींद 126102, 52. देवांश डुडेजा सुपुत्र श्री राजकुमार डुडेजा संजय बुक डिपो पुराना थाना चौक तोशाम, भिवानी 127040, 53. पवन कुमार सुपुत्र श्री दुनीचंद ढाणी कुम्हारान नं. 2, हांसी, हिसार 125033, 54. मनोज कुमार सुपुत्र श्री महेंद्र सिंह गांव व डा. छुछकवास, मातनहेल, झज्जर 124106, 55. हार्दिका सुपुत्री मनोज कुमार जै जै वन्ती, तहसील जुलाना, जींद 126114, 56. अनिता चुटानी पत्नी धीरज चुटानी 93 गुरुजीवन विहार ढकोली, मोहाली पिन 140604, 57. नीतिश कुमार सुपुत्र परवीन कुमार आरजेड-46ए, गुप्ता मार्केट, नजफगढ़, साऊथ वेस्ट 110043, 58. ऋषभ जैन सुपुत्र संजय जैन भिवानी स्टैंड, रोहतक 124001, 59. अभिषेक सुपुत्र राजेश कुमार गांव दुबलधन बिधान तहसील बेरी, झज्जर 124202, 60. जश्नप्रीत सुपुत्र निशान सिंह, जोगिंद्र नगर, न्यू हांसी रोड, जींद 126102, 61. कार्तिक सुपुत्र विरेंद्र पुराना बस स्टैंड भिवानी 127021, 62. पूर्वी सुपुत्री सत्यवान पुराना बस स्टैंड भिवानी 127021, 63. शर्मिला पत्नी विरेंद्र पुराना बस स्टैंड, भिवानी 127021, 64. पिंकी पत्नी सत्यवान पुराना बस स्टैंड भिवानी 127021, 65. वेदप्रकाश सुपुत्र भूपसिंह गांव मातन, बहादुरगढ़, झज्जर , 66. रेखा पत्नी रिंकू दगड़ोली बाढ़ड़ा चरखी दादरी 127312, 67. श्री सुभाषचंद सुपुत्र श्री रामनिवास, पुरानी अनाज मंडी, सफीदों, जींद 126112, 68. सुनिल कुमार सुपुत्र श्री लालचंद गांव व डा. दादनपुर झज्जर 124103, 69. महाबीर सिंह सुपुत्र श्री स्योलाल, पताः गुढा, कनीना, 70. सुमेरसिंह सुपुत्र रामकुमार गां. व डा. लखमीरवाला, जींद 126102, 71. सुलेखा पत्नी हरिओम गांव रोहद, बहादुरगढ़, झज्जर 124507, 72. बलजीत सिंह सुपुत्र श्री टेकराम गांव व डा. अच्छेज बेरी झज्जर 124106, 73. श्याम लाल सुपुत्र श्री मातादीन पताः कनीना वार्ड न.8 , 74. महेंद्रसिंह सुपुत्र शिवलाल गांव आसरा का माजरा बावल रेवाड़ी 123501, 75. नीतिन जैन सुपुत्र संजय सिविल रोड, रोहतक 124001, 76. रवि सुपुत्र प्रदीप मोखरा (खेड़ी रोज) महम, रोहतक 124022, 77. सोनम पत्नी प्रदीप कुमार गां. व डा. ईगराह जींद 126102, 78. सरोज पत्नी दगड़ोली, बाढ़ड़ा चरखी दादरी 127312, 79. जगरूप शर्मा सुपुत्र श्री चंद्र स्वरूप शर्मा गांव जसिया, रोहतक 124314, 80. सतानंद सैन सुपुत्र बद्री प्रसाद ग्राम फतेहपुर डा. ताजपुर तहसील अटेली, महेंद्रगढ़ 123021, 81. शमशेर सिंह सुपुत्र रोहताश बलियाली बवानी खेड़ा भिवानी , 82. कैलाश चंद सुपुत्र चेतराम 850/35 जनता कॉलोनी रोहतक 124001, 83. कृष्ण मुरारी सुपुत्र श्री जगराम नम्बरदार गांव व डा. सुलाना झज्जर 124109, 84. विजेंद्र कुमार सुपुत्र श्री प्रकाश चंद्र, गांव, डा. व तहसील जुलाना, जींद 126101, 85. सुमित गौतम सुपुत्र श्री रामफल गांव अकालगढ़ तहसील जुलाना, जींद 126101, 86. मांगे राम सुपुत्र लक्खीराम न्यू राजेंद्र कॉलोनी, भिवानी चुंगी, महम, रोहतक 124001, 87. केसरी पत्नी रामधन गांव दुल्हेड़ा, तहसील बहादुरगढ़, झज्जर, , 88. विद्यानंद सुपुत्र फूलसिंह गांव पलड़ा तहसील बेरी, झज्जर , 89. ब्रह्मानंद सुपुत्र कालीराम गांव जमालपुर डा. लडायन तहसील मातनहेल, झज्जर 124146, 90. सुखबीर सुपुत्र श्री जयभगवान गुप्ता कॉलोनी भिवानी रोड, जींद 126102, 91. कृतिका सुपुत्री राकेश मौ. बहलवान छत्ते के पास, नलापुर, नारनौल, महेंद्रगढ़123001, 92. कृतिका सुपुत्री राकेश, नलापुर नारनौल छत्ते के पास, नारनौल, महेंद्रगढ़ 123001, 93. कृतिका सुपुत्री राकेश, नलापुर नारनौल छत्ते के पास, नारनौल, महेंद्रगढ़ 123001, 94. बिशन चंद्र पुत्र स्व. श्री हजारी लाल मो. बहलवान नलापुर, नारनौल, महेंद्रगढ़ 123001, 95. साधुराम पांचाल सुपुत्र दरिया सिंह पांचाल भैणी चंद्रपाल (बड़ा भैण) तहसील महम, रोहतक , 96. रामिकशन सुपुत्र रत्तीराम पं. गांव व डा. लाखनमाजरा, रोहतक, 97. शेरसिंह सुपुत्र रामिकशन न्यू 1734/34 विजय नगर रोहतक 124001, 98. रमेश कुमार सुपुत्र श्री गोपाल दास म.नं. 250/8 शिवाजी कॉलोनी, रोहतक 124001, 99. मियां सिंह ढिल्लो सुपुत्र श्री सज्जनसिंह ढिल्लो अर्बन स्टेट म.नं. 2136 जींद 126102, 100. सतबीर आर्य पत्नी धरपती देवी मकडोली कलां, रोहतक।

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

**आवश्यक सूचना :**
1. सभी पुरस्कारों का वितरण 10 मई से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 5 तक के हरियाणा के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 6 से 10 एवं गारंटी उपहार के हरियाणा के विजेताओं को सम्बन्धित हरिभूमि कार्यालय / सम्बन्धित अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. 20,000 या 20,000 से अधिक मूल्य के पुरस्कार पर पाठक को टी.डी.एस. के रूप में 30% का भुगतान जमा करना होगा।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतु साथ में लाना अनिवार्य है।
अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रातः 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :-
फोन : 9253681019, 9253681020

गुरुग्राम

### केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत विकास कार्यों को भुनाने में जुटे, कार्यकर्ता भी घर-घर जा रहे

*विरोधी खेमे के नेताओं की प्रचार से अभी तक दूरी, मजबूत टीम के बल पर राव मैदान में डटे*

# राव के लिए केंद्र के प्रोजेक्ट रामबाण माजरा एम्स रहा सबसे बड़ी उपलब्धि

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी



संभवतय राजनीतिक जीवन की अंतिम पारी खेलने के लिए गुरूग्राम लोकसभा क्षेत्र से लगातार चौथी बार मैदान में उतरे अहीरवाल के दिग्गज नेता राव इंद्रजीत सिंह के हाथों में भले ही बड़ी सरकारी पावर नहीं रही हो, परंतु हकीकत यह है कि केंद्र सरकार के कई बड़े प्रोजेक्ट उनकी चुनावी उपलब्धियों का हिस्सा बनने के लिए काफी हैं। माजरा में एम्स जैसा बड़ा प्रोजेक्ट खुद पीएम मोदी शिलान्यास के समय उनकी झोली में डाल चुके हैं, जिसका फायदा राव के साथ-साथ भाजपा को भी मिलना तय है।

### माजरा एम्स को भुनाने का सही समय



माजरा एम्स के श्रेय को लेकर कोई होड़ नहीं रही। शिलान्यास के मौके पर पीएम मोदी ने एम्स का पूरा क्रेडिट राव इंद्रजीत सिंह की झोली में यह कहकर डाल दिया था कि वह बोलते बहुत कम हैं, लेकिन काम बहुत करते हैं। वास्तव में तत्कालीन सीएम मनोहरलाल की घोषणा के बाद खटाई में जाते नजर आ रहे एम्स को जिले में ही मूर्त रूप दिलाने में राव ने पूरी ताकत लगा दी थी। प्रदेश स्तर पर कैबिनेट मंत्री डा. बनवारीलाल के प्रयास किसी से छुपे नहीं हैं।



### साइलेंट मोड पर भाजपा का दूसरा खेमा

राव के अपने समर्थकों ने जहां उनके समर्थन में प्रचार अभियान तेज कर दिया है, वहीं भाजपा में दूसरा खेमा लोकसभा चुनाव को लेकर साइलेंट मोड पर नजर आ रहा है। इस खेमे की ओर से लोकसभा चुनावों को लेकर कोई हलचल देखने को नहीं मिल रही है। समय की नजाकत को देखते हुए यह खेमा पूरी तरह चुप्पी साधे हुए है, जिससे आने वाले समय में पार्टी में भीतरघात की आशंका कम नहीं हुई है।

### सामने प्रत्याशी नहीं होने से नीरसता

कांग्रेस अभी तक अपने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं कर पाई है। पार्टी की गुटबाजी प्रत्याशी फाइनल करने की राह में सबसे बड़ा रोड़ा साबित हो रही है। गुरूग्राम सीट पर प्रत्याशी की घोषणा नहीं होने के कारण चुनाव प्रचार नीरस नजर आ रहा है। जेजेपी ने अपना जनाधार टटोलने के लिए राहुल फाजिलपुरिया को मैदान में जरूर उतारा है, परंतु इस सीट पर मुकाबले को कांटे का बनाने में कांग्रेस प्रत्याशी की उपस्थिति ही दमदार काम करने जा रही है।

### गर्मी में भी जोश

कांग्रेस की ओर से इस सीट पर प्रत्याशी की घोषणा नहीं होने के कारण चुनाव प्रचार अभी फीका पड़ा हुआ है, परंतु राव भारी गर्मी के मौसम में पूरे जोश के साथ मतदाताओं के बीच जाकर वोट की अपील कर रहे हैं। राव ने केंद्र सरकार की कई बड़ी परियोजनाओं को अमलीजामा पहनाने में बड़ी भूमिका अदा की है। केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी के साथ अच्छी दोस्ती के चलते राव ने गुरूग्राम से लेकर रेवाड़ी तक एनएचएआई के कई प्रोजेक्ट सिरे चढ़वाने में सफलता हासिल की है। गुरूग्राम में ही एनएचएआई से जुड़ी एक दर्जन से अधिक परियोजनाओं को मुकाम तक पहुंचाने में उनकी भूमिका रही है। गुरूग्राम से वाया पटौदी रेवाड़ी तक बनने वाला नेशनल हाइवे दोनों जिलों के साथ-साथ आसपास के जिलों तक के लोगों का आवागमन सुगम बनाने का काम करेगा। इस हाइवे का काफी हिस्सा बनकर तैयार हो चुका है। राव के प्रयासों के चलते शहर के लोगों को भाड़ावास रोड, महेंद्रगढ़ व बेरली रोड रेलवे फ्लाईओवर बड़ी परेशानियों से छुटकारा दिलाने वाले साबित होंगे। भाड़ावास रोड फ्लाईओवर का निर्माणकार्य अंतिम चरण में चल रहा है, जबकि महेंद्रगढ़-बेरली रोड फ्लाईओवर का कार्य तेजी से शुरू किया गया है। जिले में कई अन्य ऐसी परियोजनाएं सिरे चढ़ी हैं, जिन्हें लेकर राव को जनता के बीच जाने में कोई दिक्कत नहीं हो रही।

## खबर संक्षेप

### किसान की खेत में पीटकर हत्या

सोनीपत। गांव सिसाना-2 में किसान की खेत में लाठी-डंडे से पीटकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। परिजन खेत में गए तो किसान रणधीर (50) पुत्र बलवंत सिंह का शव बरसीम में पड़ा मिला। उन्होंने खेत के पड़ोसी किसान व उनके परिजनों पर हत्या का आरोप लगाया है। गांव सिसाना-2 निवासी रामकिशन ने बताया कि उनका भाई रणधीर अविवाहित थे और ज्यादातर खेत के पड़ोसी रणधीर के खेत में बने कमरे में रहते थे।

### घर में घुसकर बुजुर्ग की चाकू से गोदकर हत्या

फरीदाबाद। कोतवाली थाने के अंतर्गत एनआईटी-2 के डी ब्लाक में घर में घुसकर बुजुर्ग सतीश कुमार की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। रात को जब मृतक का बेटा आया तब वारदात का पता लगा। रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। सामने लगे सीसीटीवी कैमरे में एक शख्स मकान के अंदर-बाहर आता-जाता दिखाई दे रहा है। पुलिस व परिजन को इसी पर शक है।

### बिल दिए बिना अस्पताल से मरीज फरार

फरीदाबाद। सेक्टर-20 स्थित एसएसबी अस्पताल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दलीप छाबड़ा ने दी शिकायत में बताया कि उनके अस्पताल में आठ अप्रैल को सोनू नामक मरीज दाखिल हुआ। उसे पेट दर्द की शिकायत थी। सोनू ने बताया था कि उसका मेडिक्लेम है। यदि मेडिक्लेम पास नहीं होगा तो वह बिल का भुगतान कर देगा। डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू कर दिया। इस दौरान उसके एस्टीमेट बिल को सोनू की मेडिक्लेम वाली कंपनी को अर्जी भेजी गई। वहां से अनुमति नहीं दी गई। जब सोनू ठीक होने लगा तो उसने बिल देने से इन्कार कर दिया।

### दुकानदार की हत्या करने के दो आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। एयर फोर्स 60 फुट रोड पर शुक्रवार हुए झगड़े के दौरान हुई दुकानदार की हत्या मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान गौरव और कृष्ण उर्फ कालू के रूप में हुई है।

### किसानों की रिहाई के लिए पांच दिन से धरना जारी

# शंभू रेलवे ट्रैक पर किसानों ने लगाया पक्का मोर्चा, 73 ट्रेन की कैंसिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

शंभू रेलवे स्टेशन पर अब किसानों ने पक्का मोर्चा लगा दिया है। पिछले पांच दिनों से किसान सहयोगी किसानों की रिहाई के लिए रेलवे ट्रैक पर जमा हैं। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान-मजदूर मोर्चा के आह्वान पर यहां किसान धरना दे रहे हैं।

इसकी वजह से रेल सेवा बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। इससे न केवल यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है, बल्कि रेलवे को भी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। किसानों के शंभू रेलवे स्टेशन पर जमा होने की वजह से रेलवे को ओर से रविवार और सोमवार को भी 73 ट्रेन कैंसिल करनी पड़ी। कई ट्रेनों के रूट डायवर्ट किए गए हैं। दूसरी ओर किसानों ने जेल में बंद किसानों की रिहाई को लेकर कल 22 अप्रैल को जींद में मीटिंग करके बड़ा ऐलान करने की बात कही है।



अंबाला। शंभू रेलवे स्टेशन पर डटे किसान।

- सोमवार को जींद में होगी किसानों की मीटिंग
- सहयोगियों की रिहाई के लिए लेंगे बड़ा फैसला

जींद में किसान भारी संख्या में जमा होने की बात कही जा रही है। किसान सरकार से युवा नेता नवदीप सिंह जलबेड़ा समेत 3 किसानों की रिहाई की मांग कर रहे हैं। पहले इन किसानों की रिहाई को लेकर सहमति बन गई थी लेकिन हरियाणा सरकार अपने वायदे पर खरी नहीं उतरी। इसी वजह से किसान शंभू रेलवे स्टेशन पर डट गए।

### भाजपा प्रत्याशी रणजीत चौटाला का विरोध करने आए किसानों पर केस दर्ज किया

नारनौंद। भाजपा प्रत्याशी रणजीत सिंह का 11 अप्रैल को विरोध करने के लिए एकत्रित हुए किसानों पर नारनौंद पुलिस ने केस दर्ज किया है। इसके तहत शनिवार को 8 किसानों को गिरफ्तारी के नोटिस थमाए गए हैं। नोटिसों के बाद ही किसानों को पता चला कि उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इनमें किसान बलवान लोहान, राजकुमार नंबरदार, मास्टर सतबीर सिंह, ओमप्रकाश, बीरा फौजी, मंगल, राकेश व विजयपाल माजरा इत्यादि किसानों को एसडीएम कोर्ट में पेश होने के नोटिस दिए गए हैं। बता दें कि 11 अप्रैल को रणजीत सिंह को नारनौंद की जाट धर्मशाला में चुनाव कार्यालय में कार्यकर्ता मीटिंग लेने के लिए पहुंचना था। सुबह से ही किसान रणजीत चौटाला से सवाल पूछने के लिए एकत्रित हो गए थे। इसकी सूचना पुलिस को मिली तो भारी पुलिस बल के साथ डीएसपी राज सिंह लालका मौके पर पहुंच गए थे। किसानों को समझाकर सड़क से दूर किया तो किसानों ने नारेबाजी करनी शुरू कर दी थी। पुलिस ने किसानों को दूर जाने की चेतावनी दी लेकिन किसान नारेबाजी करते रहे तो पुलिस ने किसानों को जबरदस्ती से हिरासत में लेकर हांसी पुलिस लाइन ले जाया गया था। उसके बाद 11 अप्रैल को रात करीब 9 बजे सभी किसानों को रिहा कर दिया गया था। किसानों ने कहा कि यह लोकतंत्र की हत्या है आज किसान नेताओं से सवाल भी नहीं पूछ सकता। सभी किसान भाजपा प्रत्याशियों का विरोध करने के लिए नहीं बल्कि सवाल पूछने के लिए इकट्ठे हो रहे हैं लेकिन इस तानाशाह सरकार में किसानों व मजदूरों की आवाज को दबाया जा रहा है। प्रदेश के किसान व मजदूर वोट की चोट से सरकार से बदला लेने का काम करेंगे।

# यूएमसी केसों की सुनवाई 24-25 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी से संबद्ध सेकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) एवं डीएलएड(रि-अपीयर/मर्सी चांस) परीक्षा मार्च-2024 में जिन परीक्षार्थियों के अनुचित साधन संबंधी केस (यूएमसी) दर्ज हुए थे। ऐसे परीक्षार्थियों को व्यक्तिगत सुनवाई के लिए बोर्ड मुख्यालय भिवानी पर 24 एवं 25 अप्रैल 2024 को प्रातः 9 बजे बुलाया गया है। 24 अप्रैल 2024 को सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) एवं डीएलएड (रि-अपीयर) के परीक्षार्थी/छात्र-अध्यापक की सुनवाई की जाएगी तथा 25 अप्रैल 2024 को सेकेंडरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) के परीक्षार्थी की सुनवाई की जाएगी। इसलिए 24 अप्रैल को सीनियर सेकेंडरी एवं डीएलएड तथा 25 अप्रैल को सेकेंडरी परीक्षा के परीक्षार्थी बोर्ड मुख्यालय पर अनुचित साधन संबंधी केस (यूएमसी) में व्यक्तिगत सुनवाई के लिए उपस्थित होना सुनिश्चित करें। जिन परीक्षार्थियों के अनुचित साधन के केस दर्ज हुए हैं, ऐसे परीक्षार्थियों को उन द्वारा उपलब्ध करवाए गए मोबाइल नंबर पर उनकी व्यक्तिगत सुनवाई की सूचना एसएमएस के माध्यम से भेज दी गई है, इसके अतिरिक्त सेकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी (नियमित) परीक्षार्थियों को सूचना देने के लिए सम्बन्धित विद्यालयों की ई-मेल पर सूची भेज दी गई है।

### यूजीसी परीक्षा के लिए आवेदन शुरू

नारनौल। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की ओर से यूजीसी नेट जून परीक्षा के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। परीक्षा में शामिल होने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। पंजीकरण करने की अंतिम तिथि 10 मई है। वहीं रजिस्टर्ड कैंडिडेट 12 मई तक एप्लीकेशन फीस जमा कर सकते है। यूजीसी नेट जून के लिए एप्लीकेशन त्रुटि विंडो 13 से 15 मई तक खुली रहेगी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से साल में दो बार यूजीसी नेट परीक्षा का आयोजन किया जाता है। पहला सत्र जून और दूसरा दिसंबर में आयोजित किया जाता है। इस परीक्षा का आयोजन जूनियर रिसर्च फेलोशिप व सहायक प्रोफेसर की पात्रता तथा पीएचडी में प्रवेश के लिए किया जाता है। आधिकारिक सूचना के अनुसार यूजीसी नेट जून की परीक्षा 16 जून को आयोजित की जाएगी।

# गोली लगने से जिम संचालक की मौत

- पत्नी बोली, पिस्तौल चेक करते समय चली गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरतिया

क्षेत्र में एक जिम संचालक की संदिग्ध परिस्थितियों में अपनी ही रिवाल्वर से गोली चलने से मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में मृतक की पत्नी के बयानों पर धारा 174 के तहत इत्तेफाकिया कार्रवाई की है। रविवार को पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया है। रतिया के वार्ड नं. 15 निवासी विकास कुमार बुढलाडा रोड पर घोटिया टिंबर स्टोर चलाता था और उसके ऊपर ही अपनी जिम भी चला रहा था। वह जिम का बहुत शौकीन था और क्षेत्र का जाना माना पॉवर लिफ्टर था। रात को वह अपनी जिम में गया था और देर रात



रतिया। जिम संचालक की मौत मामले में कार्रवाई करते पुलिस कर्मचारी व मृतक विकास (फाइल फोटो)।

तक जिम में ही था। मृतक की पत्नी ने बताया कि उसके पति ने लाइसेंसी पिस्तौल ली हुई थी और देर रात को जिम में पिस्तौल को चेक करते समय फायर हो गया, जो उनके सिर में जा लगा। फायर की आवाज सुनकर विकास का ताया का बेटा नीरज मौके पर पहुंचा तो विकास को घायल अवस्था में देखा और उसे तुरंत उठाकर सामने ही स्थित सरकारी अस्पताल ले गया। जहां से उसे रेफर किया गया। इतने में सूचना पाकर वह और परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंचे। इसके बाद वे इलाज के लिए विकास को हिसार ले जा रहे थे तो रास्ते में ही विकास ने दम तोड़ दिया। मृतक अपने पीछे पांच वर्ष की बेटी नित्या छोड़ गया है। उसकी पत्नी अभी 4 माह की गर्भवती है।

### कार-बाइक की भिड़ंत में बुआ की मौत, भतीजा घायल

कैथल। गांव टीक में बने रेलवे पुल के पास एक कार व बाइक की टक्कर में महिला की मौत हो गई। बाइक पर बुआ और भतीजा कैथल जेल में बंद किसी रिश्तेदार से मिलने आ रहे थे। घटना में कार चालक की लापरवाही से बुआ की मौत हो गई। जबकि उसका भतीजा घायल हो गया। ढांड निवासी 18 वर्षीय अंकित ने बताया कि वह आईटीआई के प्रथम वर्ष का छात्र है।

सुबह करीब आठ बजे वह और उसकी 45 वर्षीय बुआ पिंकी उसकी बाइक पर सवार होकर जेल में बंद एक रिश्तेदार से मिलने जा रहे थे। बाइक को वह चला रहा था, जबकि उसकी बुआ पीछे बैठी थी। जब वह रेलवे पुल पर पहुंचा तो पीछे से एक कार ने उसकी बाइक को टक्कर मारी। वह और उसकी बुआ बाइक सहित रेलवे पुल के साइड में बने डिवाइडर से टकरा गए।

# भरे बाजार में भिड़े सांड, मची अफरातफरी

- फल विक्रेता की रेहड़ी व दोपहिया वाहन हुए क्षतिग्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

बढ़ती आवारा पशुओं की तादाद से कस्बावासी परेशान है। यहां की गलियों व सडक़ों पर घूम रहे आवारा पशु लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए है।

इन लावारिस पशुओं की चपेट में आने से जहां कई लोग अपनी जान भी गंवा बैठे हैं और घायल भी हो चुके है। बीते दिवस अनाज मंडी के पास दो बेसहारा सांड आपस में भिड़ पड़े। सांडों की आपसी कुश्ती से सडक़ के दोनों तरफ अफरा-तफरी मची रही।

इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। शुक्रवार दोपहर को अनाज मंडी के मुख्य गेट के बाहर बाजार में दो सांड



बराड़ा। सडक़ पर भिड़ते हुए सांड व दुकान का सामान बचाते हुए दुकानदार।

आपस भी इस कद्र भिड़ गए कि वहां स्थित दुकानदारों सहित राहगीरों में जहां भय के साथ अफरा तफरी का माहौल बन गया वहीं कुछ दुकानदार अपनी दुकानों को छोड़ इधर उधर इस लिए खिसक गए कि कहीं आपस में लड़ाई कर रहे सांड उनकी ओर ही न आ जाए।

सडक़ पर सांडों की लड़ाई के दौरान सडक़ पर जाम जैसी स्थिति बन गई तथा लोग अपने वाहनों को बचाने में लग गए। सांडों की लड़ाई की चपेट में आने से एक दोपहिया नुकसान हो गया।

लड़ते- लड़ते सांडों ने साथ लगती फल-सब्जी की रेडी फडिय़ो को भी अपना निशाना बना लिया। कई फल सब्जी विक्रेताओं का सामान उठक पटक कर दिया जिससे विक्रेताओं का खासा नुकसान हो गया। सांडों की लड़ाई में दुकान संचालकों का काफी नुकसान हुआ है।

# चिकित्सक से शेयर मार्केट के नाम पर 38 लाख ठगे

- व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर मार्केट की दी जाती थी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

शहर के एक अस्पताल संचालक से शेयर मार्केट में इन्वेस्ट कर उसे अधिक प्रोफिट का लालच देकर करीब 38 लाख रुपये की ठगी कर ली। कृष्णा अस्पताल के संचालक दिनेश कुमार ने बताया कि वह पेशे से एक डॉक्टर है। उन्होंने फेसबुक पर एक विज्ञापन देखा था। जिसमें शेयर मार्केट के बारे में कुछ टिप्स दी गई थी और वहीं पर एक वाट्सएप का लिंक दिया हुआ था। जब उस लिंक पर क्लिक किया तो एक व्हाट्सएप ग्रुप उनका मोबाइल नंबर जुड़ गया। उस ग्रुप में उन्हें शेयर मार्केट की जानकारी दी जाती थी और बताया जाता था कि यदि ग्रुप पर बताए गए शेयर से किसी को नुकसान होता है तो पूरा पैसा कंपनी द्वारा वापस कर दिया जाएगा और लाभ हुआ तो कंपनी को उसका 20 प्रतिशत देना हो। इसके बाद उपरोक्त वेबसाइट पर मेरा वर्चुअल अकाउंट खुल गया। फिर उपरोक्त ने उसे शेयर मार्केट में इन्वेस्ट करने के लिए शेयर के बारे में बताया। उपरोक्त फोन करने वाले के बताए अनुसार 16 जनवरी 24 को उसके बैंक खाते में से अलग-अलग समय पर 36 लाख 70 हजार रुपये वाट्सएप यूजर द्वारा बताए गए अलग-अलग खाता संख्या में भेज दिए। इसके बाद वर्चुअल वॉलेट में 56 लाख 74 हजार एक रुपये की प्रॉफिट हुई राशि आ गई। जब उसने इस राशि को अपने वर्चुअल वॉलेट से अपने खाता में ट्रांसफर करने की कोशिश की तो यह राशि मेरे खाते में ट्रांसफर नहीं हुई।

### टोहाना के युवक को कनाडा भेजने के नाम पर 22 लाख

फतेहाबाद। टोहाना के एक युवक को कनाडा भेजने के नाम पर तीन लोगों द्वारा उससे 22 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। इस बारे पीड़ित युवक की शिकायत पर पुलिस ने महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव डांगरा निवासी विशाल ने कहा है कि वह बीए पास है और नौकरी की तलाश में था। इस दौरान उसे व उसके पिता रामेश्वर की मुलाकात बलजिन्द्र सिंह निवासी धनौरी जिला जींद के साथ हुई। बलजिन्द्र ने कहा कि उसका जानकार विदेश भेजने के लिए वीजा लगाने का काम करता है। उसके द्वारा दिए गए नंबर पर उसने मनीषा नामक महिला से बात की। उसने 22 लाख रुपये खर्च आने की बात कही। इस पर उसने अलग-अलग तारीखों में 22 लाख रुपये का इन लोगों को भुगतान कर दिया। युवक ने आरोप लगाया कि उक्त लोगों ने उससे 22 लाख की ठगी की है।

# एक करोड़ के चूरापोस्त से लदा ट्रक पकड़ा

- ट्रक पर लिखा था आर्मी ऑन ड्यूटी, अंदर भरा था 2245 किलो डोडा चूरापोस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए डिंग रोड क्षेत्र से 2245 किलोग्राम डोडा चूरापोस्त से भरे हुए ट्रक तथा आरोपी को काबू किया है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि जिला की एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा के प्रभारी अजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए डिंग रोड क्षेत्र से डोडा चूरापोस्त से भरे हुए उक्त ट्रक तथा आरोपी को काबू किया है। उन्होंने बताया कि राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में नियमानुसार ट्रक की तलाशी लेने पर 117 प्लास्टिक के गट्टों में भरा हुआ 2245 किलोग्राम डोडा



सिरसा। डोडा चूरापोस्त के साथ पकड़ा गया आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

चूरापोस्त बरामद हुआ। आरोपी की पहचान विकास कुमार पुत्र बीरबल राम निवासी 2-जी तहसील जिला श्रीगंगानगर, राजस्थान के रूप में हुई है। इस संबंध में डिंग थाना में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि उक्त डोडा चूरापोस्त झारखंड के रांची क्षेत्र से लाया गया था और उसे राजस्थान के श्रीगंगानगर क्षेत्र में सप्लाई किया जाना था। उन्होंने बताया कि पुलिस की आंखों में धूल झोंकने के लिए आरोपियों ने उक्त ट्रक को काली तिरपाल से ढककर ट्रक के आगे आर्मी ऑन ड्यूटी लिखा हुआ था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड हासिल किया जाएगा और रिमांड अवधि के दौरान डोडापोस्त चूरा पोस्त तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी हासिल कर उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# एसीबी में रिटायर अफसरों की तैनाती का मामला गले की फांस बना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

प्रदेश में सेवानिवृत्त अफसरों को एसपी व डीएसपी बनाने पर हाईकोर्ट ने सख्त रुख अखित्यार कर लिया है। हाईकोर्ट ने एंटी करप्शन ब्यूरो एसीबी में नियुक्ति के मामले में इससे संबंधित सभी रिकार्ड जब्त करने का आदेश भी दे दिया है। दरअसल 2022 में 4 अप्रैल और 21 अक्टूबर को हरियाणा सरकार की ओर से सीबीआई के सेवानिवृत्त शेषन बालासुब्रमण्यम और रामस्वामी पार्थसारथी को एसपीएंटी करप्शन ब्यूरो हरियाणा और डीएसपी फरीदाबाद के पद पर दोबारा नियुक्ति देने का काम किया था। पूरे मामले में एक दिन पहले ही हाई कोर्ट ने सुनवाई करते हुए नाराजगी जाहिर की और तल्ख टिप्पणी की है। यहां तक बोल दिया कि कल सेवानिवृत्त लोगों को डीजीपी भी लगाने लगोगे

### सलाहकार करना था नियुक्त

खास बात यह है कि तत्कालीन सीएम मनोहरलाल द्वारा पूरे मामले में इन रिटायर अफसरों को बतौर सलाहकार रखने को लेकर हरी झंडी दी थी। लेकिन इनको एसपी और डीएसपी बनाकर लगा दिया गया। खास बात यह है कि हाई कोर्ट की ओर से नवंबर 2023 में इन अफसरों को सौंपे गए मामलों की जांच तुरंत ही वापस लेने का आदेश दिया था। खास बात यह है कि इन अफसरों द्वारा कई अहम मामलों में की जांच की गई है।

क्या? आईआरएस अधिकारी धीरज गर्ग ने हाईकोर्ट की शरण ली थी। हाई कोर्ट के जस्टिस विनोद एस भारद्वाज ने रिश्वत मामले में गिरफ्तार होने वाले धीरज गर्ग ने याचिका दायर कर सरकार के उस आदेश को रद्द करने की मांग उठाई थी, जिसमें रिटायर अफसरों को एसीबी में नियुक्त किया गया था।

### राजपूत समाज के प्रतिनिधियों ने की पत्रकारवार्ता

# राजपूत प्रतिनिधियों को हिस्सेदारी की करेंगे मांग

- राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों से संपर्क साधेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

लोकसभा चुनावों के मद्देनजर प्रदेशव्यापी हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा ने कमर कस ली है। चंडीगढ़ प्रेस क्लब में सभा ने चुनावों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में प्रदेश की कार्यकारिणी की बैठक बुला इस पर मंथन किया।

बैठक के पश्चात सभा के अध्यक्ष राव नरेश चौहान राष्ट्रपूत ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुये बताया कि नई लोकसभा गठन की प्रक्रिया शुरु हो गई है जिसके चलते राजपूत समाज अपने जिम्मेवारी व्यक्त करते हुये चुनावों में अपनी सक्रिय भूमिका निभायेगा। सर्वप्रथम सभा का अभियान अब गांव गांव जाकर जिन मतदाताओं ने अभी तक अपना वोट नहीं बनवाया है, उन्हें अपनी वोट की महत्वता के प्रति जागरूक कर उन्हें लोकतंत्र के इस महाकुंभ का हिस्सा बनने के लिये प्रेरित करेंगें। इसी के साथ वे मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान को प्रोत्साहित करेगी। वर्तमान में प्राप्त सरकारी आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में कुल आबादी में लगभग आठ फीसदी के साथ अनुमानित 15 लाख का राजपूत मतदाता हैं जो कि हरियाणा की राजनीति में अहम भूमिका निभाते हैं। सभा का प्रयास रहेगा कि खाप और पंचायत स्तर पर अपने लोकसभा क्षेत्र की समस्याओं का ब्यौरा और उनके समाधान का घोषणा पत्र बन बनवायेगी। नरेश चौहान ने इस बात पर बल दिया कि पूंजीपति, दल बदलू, भ्रष्टाचारी, अपराधिक और परिवारवाद की परम्परा पर अंकुश लगाने के लिये स्थापित पार्टिया द्वारा यदि जनता के बीच से कार्यकर्ता को टिकट नहीं दिया तो पंचायती उम्मीदवार खड़ा करवाने में अपेक्षित भूमिका निभायेगी। चौहान ने इस बात पर बल दिया कि राजपूत समाज को जन प्रतिनिधित्व मौका मिलना चाहिये तथा इस संदर्भ में सभा ने राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों से सीटों की मांग की है। यदि पार्टियों उन्हें यह मौका नहीं देती हैं तो वे निर्दलीय के रुप से चुनाव लड़ने से भी पीछे नहीं हटेंगें। सभा की यह भी मांग थी कि नगर निगम और पंचायतों की तर्ज पर लोक सभा और विधान सभा की सीटें भी रोटेशन पॉलिसी के तहत निर्धारित हो जिससे की अन्य वर्ग को भी प्रजातंत्र में जनता के प्रतिनिधित्व का मौका मिलें।

### प्रदेश में अलख जगाएगी प्रतिनिधि सभा

लोकशाही में मतदाता नागरिक ही राज पाट का असली मालिक होता है। नागरिक सुरक्षा, जनकल्याण ,सबकी खुशहाली और विकास कार्य एक कल्याणकारी राज्य के मूलभूत दायित्व होते हैं। हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा के प्रदेशाध्यक्ष राव नरेश चौहान राष्ट्रपूत ने आरोप लगाया कि कानून के राज में ढांचागत आवश्यक क्रियान्वयन तथा जागरूकता के अभाव में नागरिक सुरक्षा का क्षेत्र भारत में बहुत उपेक्षित चला आ रहा है। विडंबना है कि भारत की पुरातन पंचायत और खाप संस्कृति को कुंठित करने में शासकीय तंत्र ही लीन है। परिणाम स्वरूप यह कारगुजारी समाज को कमजोर कर रही है लेकिन गिरोहबंद अपराधियों का हौसला बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रही है। समाज सशक्त हो तो कम पुलिस भी प्रभावी हो सकती है। सत्ता सुख प्राप्ति के लिए लोकशाही के महापर्व चुनाव में उतरे बेमेल गठजोड़ को आईना दिखाने के लिए खाप पंचायत नागरिक कल्याण गठजोड़ का गठन समय की मांग है। सभा इस दिशा में पहल कर पूरे प्रदेश में अलख जगाएगी।

### ये रहे शामिल

प्रेस वार्ता के दौरान कोनफेडरेशन ऑफ एससी एंड ओबीसी के हरियाणा के अध्यक्ष कर्मवीर बौद्ध और सभा के वरिष्ठ पदाधिकारी अनूप चौहान , ओमबीर सिंह तंवर, विक्रम सिंह चौहान, अमित परमार, बीपी कुशवाहा, सतीश परमार, संजय सिंह बिष्ट, राजवीर सिंह बहधोली आदि शामिल हुए।

# लग्जरी गाड़ियों का हो रहा दुरुपयोग

- नियम विरुद्ध गाड़ियां लेकर घूम रहे कुछ कर्मचारी व अफसर

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

प्रदेश के अंदर नियमों के विरुद्ध लग्जरी गाड़िया लेकर घूम रहे अफसरों और कर्मियों का मामला आने वाले दिनों में गले की फांस बनने जा रहा है। सरकारी लग्जरी गाड़ियों का दुरुपयोग और चहेते कर्मियों, अफसरों को गाड़िया देने के मामले में जहां पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट के वरिष्ठ वकील रविंद्र ढुल ने शिकायत भेजी है। वहीं, हरियाणा कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अफसर वाई पूर्ण कुमार ने भी व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए गत दिनों गाड़ी को यह कहकर लौटा दिया था कि उनको उनके पद के हिसाब से वाहन उपलब्ध कराया जाए।

आचार संहिता लग जाने के बाद भी कुछ सियासी नियुक्ति वाले नेताओं और उनके करीबियों द्वारा सरकारी वाहनों के दुरुपयोग, अवकाश के दिनों में भी गाड़ियों और स्टाफ के दुरुपयोग को लेकर सवाल खड़े करते हुए इस बाबत देश के मुख्य चुनाव आयुक्त और हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को हाई कोर्ट के वकील रविंद्र ढुल ने पत्र लिखा है। ढुल का कहना है कि आचार संहिता की धज्जियां उड़ाते हुए अभी भी कुछ सियासी नियुक्ति प पदाधिकारी गाड़ी घोड़ा, गनमैन स्टाफ सभी संसाधनों का दुरूपयोग कर रहे हैं। इतना ही नहीं अपने चहेतों को गाड़ियों में लेकर हरियाणा सचिवालय से केवल मात्र अपने घर दफ्तर तक नहीं बल्कि कईं जिलों में लगातार उनकी मूवमेंट चल रही है, जहां पर सीसीटीवी और कड़ी सुरक्षा का पहरा है, वहां पर जाने के इनके साक्ष्य भी अफसरों के सामने होने के बाद भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। इसके पहले भी पूर्ण कुमार ने एक पत्र राज्य के मुख्य सचिव के माध्यम से मुख्यमंत्री नायब सैनी, सीएम के प्रधान सचिव, सीपीएस को पत्र लिखा था।आरोप लगाया था कि उन्होंने नई कार की मांग की थी, इस पर अफसर यह कहकर टाल दिया, कि कुछ लोगों की हार्ट बर्निंग होगी इसलिए नहीं दी जा सकती।

### आईपीएस वाई पूर्ण ने भी खोला मोर्चा

हरियाणा कैडर के आईपीएस अफसर वाई पूर्ण कुमार ने भी मोर्चा खोला हुआ है। गत दिवस ही उन्होंने दी गई गाड़ी को यह कहकर लौटा दिया है, कि यह उनके पद के हिसाब से ठीक नहीं है। वरिष्ठ अफसर पूर्ण कुमार ने सात साल पुरानी होंडा सिटी कार को लेकर सवाल खड़े करते हुए इसे लौटा दिया था, उन्होंने नई इनोवा क्रिस्टा कार नहीं मिलने पर नाराजगी जाहिर की और आवंटित की कार वापस कर दी है। उन्होंने राज्य सरकार के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद को पत्र लिखा ता, साथ ही आईपीएस ऑफिसर्स को व्हीकल के अलाटमेंट सिस्टम पर सवाल खड़े कर दिए थे।

# सुनील मित्तल की टॉप 10 में एंट्री, लक्ष्मी मित्तल को अमीरों की सूची से किया बाहर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश के रईसों की लिस्ट में बड़ा बदलाव आया है। भारती एयरटेल के शेयरों में आए जबरदस्त उछाल के चलते सुनील मित्तल देश के टॉप 10 अमीरों में शामिल हो गए हैं। उन्होंने लक्ष्मी मित्तल को इस लिस्ट से बाहर कर दिया है।

साल 2024 सुनील मित्तल एवं फैमिली के लिए अब तक बहुत शानदार गुजरा है। उनकी दौलत में जनवरी, 2024 से लेकर अब तक लगभग 3.8 अरब डॉलर का इजाफा हो चुका है। दूसरी तरफ स्टील टायकून और आर्सेलर मित्तल के चेयरमैन लक्ष्मी मित्तल की संपत्ति इतने ही समय में लगभग 1 अरब डॉलर कम हुई है।

## ब्लूमबर्ग ने देश के शीर्ष दस अमीरों की सूची की जारी

### भारत के टॉप 10 रईस

1. मुकेश अंबानी - 112.6 अरब डॉलर।
2. गौतम अदाणी - 97.5 अरब डॉलर।
3. शपूर पलोनजी मिस्त्री - 37.2 अरब डॉलर।
4. शिव नादर - 34.2 अरब डॉलर।
5. सावित्री जिंदल - 31.0 अरब डॉलर।
6. अजीम प्रेमजी - 25.3 अरब डॉलर।
7. दिलीप सांघवी - 24.9 अरब डॉलर।
8. राधाकृष्ण दमानी - 21.9 अरब डॉलर।
9. सायरस पूनावाला - 20.2 अरब डॉलर।
10. सुनील मित्तल - 19.7 अरब डॉलर।



### एयरटेल के शेयर ने छुआ 52 हफ्तों का उच्चतम स्तर

भारती इंटरप्राइजेज के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल के पास भारती एयरटेल की 28 फीसदी हिस्सेदारी है। इसके अलावा उनके पास हाल ही में लिस्टेड हुई मोबाइल सर्विसेज प्रोवाइडर भारती हेक्साकॉम की भी 70 फीसदी हिस्सेदारी है। भारती हेक्साकॉम की वैल्यूएशन शुक्रवार को लगभग 6 अरब डॉलर आंकी गई थी। भारती एयरटेल की वैल्यूएशन 91.84 अरब डॉलर आंकी गई है।

### केपी सिंह व कुमार मंगलम को पीछे छोड़ा

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक साल में भारती एयरटेल के शेयर लगभग 70 फीसदी ऊपर जा चुके हैं। इसके चलते सुनील मित्तल की नेट वर्थ 19.7 अरब डॉलर हो चुकी है। अब वह भारत के टॉप 10 रईसों की लिस्ट में 10वें नंबर पर आ गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के अनुसार, सुनील मित्तल इस साल की शुरुआत में इस लिस्ट में 13वें नंबर पर थे। मित्तल की नेट वर्थ इतनी तेजी से बढ़ी कि साल के पहले चार महीनों में उन्होंने डीएलएफ लिमिटेड के सीईओ केपी सिंह और आदित्य बिड़ला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला को भी पीछे छोड़ दिया।

## खबर संक्षेप

### जियो फाइनेंशियल सर्विसेज का लाभ छह फीसदी बढ़ा




**नई दिल्ली।** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लि. का एकीकृत शुद्ध लाभ मार्च 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में छह प्रतिशत बढ़कर 311 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से आय बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है।रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. से अलग हुई इस वित्तीय सेवा कंपनी ने दिसंबर तिमाही में 294 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया था।

### मार्च में एलआईसी का कुल प्रीमियम बढ़ा




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने मार्च के महीने में 36,300.62 करोड़ रुपये का कुल प्रीमियम इकट्ठा किया। यह एक साल पहले के 28,716.23 करोड़ रुपये से 26.41 प्रतिशत अधिक है। पिछले महीने प्रीमियम संग्रह के मामले में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी 24.76 प्रतिशत वृद्धि के साथ दूसरे स्थान पर रही।

### विदेशों में दाम टूटने से तेल की कीमतों में गिरावट



**नई दिल्ली।** विदेशों में कच्चा पामतेल (सीपीओ), पामोलीन और सोयाबीन डीगम तेल कीमतों में आई गिरावट के बीच बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सरसों एवं सोयाबीन तेल तिलहन, सीपीओ और पामोलीन तेल के दाम नरमी दर्शाते बंद हुए। पामोलीन का दाम 1,020-1,025 डॉलर से घटकर 960-965 डॉलर प्रति टन रह गया।

## 2023-24 में प्रत्यक्ष कर संग्रह 18 प्रतिशत बढ़ा

# डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में जबरदस्त उछाल सरकार के अनुमान को भी संग्रह कर गया पार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

*भारत का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में सालाना आधार पर 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 करोड़ रुपये हो गया। कर विभाग ने रविवार को कहा कि यह राशि संशोधित अनुमानों से काफी अधिक है।*

आयकर और कॉरपोरेट कर संग्रह 2023-24 के दौरान बजट अनुमानों से 1.35 लाख करोड़ रुपये (7.40 प्रतिशत) और संशोधित अनुमानों से 13,000 करोड़ रुपये अधिक रहा।

इनकी प्रत्यक्ष कर संग्रह में सबसे बड़ी हिस्सेदारी है। वित्त वर्ष 2023-24 में सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह (अनंतिम) 18.48 प्रतिशत बढ़कर 23.37 लाख करोड़ रुपये हो गया।




- समाप्त वित्त वर्ष में 19 .58 लाख करोड़ रुपए पर
- राशि संशोधित अनुमानों से काफी अधिक
- बजट अनुमानों से 1.35 लाख करोड़ अधिक रही

### व्यक्तिगत व कॉरपोरेट की आय में वृद्धि

रिफंड के बाद शुद्ध आय 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपये रही। प्रत्यक्ष कर संग्रह के आंकड़े अर्थव्यवस्था में उछाल और व्यक्तियों तथा कॉरपोरेट की आय में वृद्धि को दर्शाते हैं। सीबीडीटी ने एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 3.79 लाख करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया गया।

### शुद्ध संग्रह 19.58 लाख करोड़ रुपए

वित्त वर्ष 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष कर संग्रह के अनंतिम आंकड़े बताते हैं कि शुद्ध संग्रह 19.58 लाख करोड़ रुपये है। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह राशि 16.64 लाख करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में इस वर्ष के लिए संग्रह 18.23 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था, जिसे बाद में संशोधित कर 19.45 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया।

### व्यक्तिगत आयकर संग्रह 25 फीसदी अधिक



इस दौरान एसटीटी (अनंतिम) सहित शुद्ध व्यक्तिगत आयकर संग्रह 10.44 लाख करोड़ रुपये रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 8.33 लाख करोड़ रुपये से 25.23 प्रतिशत अधिक है। बयान में कहा गया कि वित्त वर्ष 2023-24 में 3.79 लाख करोड़ रुपये के रिफंड जारी किए गए, जो वित्त वर्ष 2022-23 में जारी किए गए 3.09 लाख करोड़ रुपये के रिफंड से 22.74 प्रतिशत अधिक है।

### सकल संग्रह 18.48 फीसदी अधिक

यह राशि वित्त वर्ष 2022-23 के 19.72 लाख करोड़ रुपये के सकल संग्रह से 18.48 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 में सकल कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम), इससे पिछले वर्ष के 10 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 13.06 प्रतिशत बढ़कर 11.32 लाख करोड़ रुपये हो गया।

### *अनंतिम प्रत्यक्ष कर संग्रह भी बढ़ा*

*: बयान में कहा गया कि अनंतिम प्रत्यक्ष कर संग्रह (रिफंड को छोड़कर) बजट अनुमान से 7.40 प्रतिशत और संशोधित अनुमान से 0.67 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान रिफंड के समायोजन से पहले प्रत्यक्ष करों का सकल संग्रह (अनंतिम) 23.37 लाख करोड़ रुपये रहा।*

### कॉरपोरेट कर संग्रह 9.11 लाख करोड़ रुपए




वित्त वर्ष 2023-24 में शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम) 9.11 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के 8.26 लाख करोड़ रुपये से 10.26 प्रतिशत अधिक है। समीक्षाधीन अवधि में प्रतिभूति लेनदेन कर (अनंतिम) सहित सकल व्यक्तिगत आयकर संग्रह 12.01 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के 9.67 लाख करोड़ रुपये के संग्रह से 24.26 प्रतिशत अधिक है।

## हेल्थ बीमा में हटी आयु सीमा, अब 65 वर्ष से ज्यादा आयु के लोग भी खरीद सकेंगे पॉलिसी

**नई दिल्ली।** अब आप अपने वृद्ध मां-बाप के लिए भी आसानी से हेल्थ इंश्योरेंस खरीद सकते हैं। बीमा नियामक इरडा (आईआरडीएआई) ने स्वास्थ्य बीमा खरीदने के लिए आयु सीमा हटा दी है। एक अप्रैल 2024 से प्रभावी हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसीज के लिए ऐसा किया गया है। इससे पहले ग्राहक केवल 65 साल की उम्र तक ही नई हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी खरीद सकते थे। अब किसी भी उम्र का व्यक्ति नई हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी खरीद सकता है। इरडा ने एक सर्कुलर में कहा कि बीमा कंपनियां यह सुनिश्चित करें कि उनके पास सभी एज ग्रुप के लोगों के लिए बीमा प्रोडक्ट्स हों। इरडा के इस कदम से अब 65 साल से अधिक उम्र के लोग भी नई हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसीज ले सकेंगे। बीमा कंपनियों को कैंसर, हार्ट और एड्स जैसी गंभीर बीमारियों वाले मरीजों को पॉलिसी जारी करने से मना करने से भी प्रतिबंधित किया गया है। सर्कुलर के अनुसार, इरडा ने हेल्थ इंश्योरेंस वेटिंग पीरियड को भी घटाया है। इसे 48 महीने के बजाय 36 महीने कर दिया गया है। इरडा का कहना है कि भले ही पॉलिसीधारक ने पॉलिसी लेते समय खुलासा किया हो या नहीं, लेकिन सभी पहले से मौजूद स्थितियों को 36 महीने के बाद कवर किया जाना चाहिए।

### हेल्थकेयर सिस्टम बनेगा अधिक समावेशी

*इरडा के इस कदम का उद्देश्य भारत में एक अधिक समावेशी हेल्थकेयर सिस्टम को तैयार करना है। साथ ही बीमा कंपनियों को अपनी प्रोडक्ट रेंज में विविधता लाने के लिए प्रोत्साहित करना है। बीमा नियामक हेल्थ इंश्योरेंस प्रोवाइडर्स को सीनियर सिटीजंस जैसे लोगों के हिसाब से पॉलिसीज लाने और उनके क्लेम व शिकायतों से निपटने के लिए डेडिकेटेड चैनल स्थापित करने के भी निर्देश दिये हैं।*

### चालू वित्त वर्ष में ग्रामीण क्षेत्र से रिकॉर्ड बिक्री की उम्मीद : हुंडई

*नई दिल्ली। हुंडई मोटर इंडिया को चालू वित्त वर्ष में भी अनुकूल मानसून की उम्मीद सहित विभिन्न कारकों के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में रिकॉर्ड बिक्री होने की उम्मीद है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही। देश की दूसरी सबसे बड़ी कार विनिर्माता क्रेटा और वेन्यू जैसे मॉडल बेचती है। हुंडई की बिक्री वृद्धि बीते वित्त वर्ष में शहरी केंद्रों में चार प्रतिशत रही तो वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में यह 11 प्रतिशत रही थी। हुंडई मोटर इंडिया के मुख्य परिचालन अधिकारी तरुण गर्ग ने कहा,'हमें विश्वास है कि हमारी कुल बिक्री में ग्रामीण बाजारों का योगदान इस वित्त वर्ष में बढ़कर लगभग 20 प्रतिशत हो जाएगा।' उन्होंने कहा कि कंपनी छोटे शहरों में अपनी उपस्थिति को और अधिक विस्तारित करने की योजना बना रहा है।*

## पूंजीकरण में टीसीएस और इंफोसिस को हुआ नुकसान

**नई दिल्ली।** शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में छह के संयुक्त बाजार मूल्यांकन में इस सप्ताह 1,40,478.38 करोड़ रुपये की गिरावट आई। इस दौरान आईटी कंपनियों टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और इंफोसिस को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। बीएसई सेंसेक्स में 1,156.57 अंक या 1.55 फीसदी की गिरावट आई थी। राम नवमी के अवसर पर बुधवार को शेयर बाजार बंद थे। इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन बढ़ा। दूसरी ओर टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के मूल्यांकन में गिरावट आई।

## ओबेरॉय रियल्टी की बिक्री बुकिंग 53 फीसदी घटी

**नई दिल्ली।** ओबेरॉय रियल्टी की बिक्री बुकिंग बीते वित्त वर्ष में 53 फीसदी घटकर 4,007 करोड़ रुपये रह गई है।



*यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, दिल्ली अंचल ने 19 अप्रैल 2024 को श्मार्केट आउटलुक और अवसर नामक एक कार्यक्रम की सफल मेजबानी की। इस कार्यक्रम में प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक (ईडी) श्री पंकज द्विवेदी, बैंक की मुख्य आर्थिक सलाहकार सुश्री कनिका पशरिचा, सीईओ - यूनियन एएमसी, श्री मधु नायर और सीआईओ श्री हर्ष पटवर्धन उपस्थित थे। कार्यपालक निदेशक श्री पंकज द्विवेदी ने नवीन रणनीतियों और वित्तीय समाधानों के माध्यम से आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए यूनियन बैंक के अटूट समर्पण का उल्लेख करते हुए अपने दूरदर्शी संवाद से दर्शकों को अभीभुत किया। इसके अलावा उन्होंने आज के गतिशील बाजारिय परिदृश्य में समुदायों और व्यवसायों को सशक्त बनाने में बैंक की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।*

# एप्पल तीन साल में पांच लाख लोगों को देश में देगा रोजगार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल अपने विक्रेताओं के माध्यम से अगले तीन साल में भारत में पंच लाख से अधिक लोगों को रोजगार दे सकती है। सरकार से जुड़े सूत्रों ने यह बात कही है।

फिलहाल एप्पल के विक्रेता और आपूर्तिकर्ता भारत में 1.5 लाख लोगों को रोजगार देते हैं। एप्पल के लिए दो संयंत्र चलाने वाली टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स सबसे ज्यादा रोजगार पैदा करती है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा, 'एप्पल भारत में नियुक्तियों में तेजी ला रहा है।



एक पुराने अनुमान के अनुसार, यह अपने विक्रेताओं और कलपुर्जे आपूर्तिकर्ताओं के माध्यम से अगले तीन साल में पांच लाख लोगों को रोजगार देने जा रहा है।'इस संबंध में एप्पल से संपर्क किया गया तो कंपनी ने कोई बयान नहीं दिया।एप्पल की अगले चार-पांच साल में भारत में उत्पादन को पांच गुना से अधिक बढ़ाकर 40 अरब डॉलर (लगभग 3.32 लाख करोड़) करने की योजना है।

### पहली बार एप्पल सबसे आगे रही

बाजार शोध कंपनी काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार, एप्पल ने पहली बार 2023 में सबसे अधिक राजस्व के साथ भारतीय बाजार में सबसे आगे रही, जबकि सैमसंग मात्रा के मामले में शीर्ष पर रही।

## बदलाव की ओर बढ़ा रहा यूपीआई बाजार, नहीं होगी किसी की बादशाहत

**नई दिल्ली।** यूपीआई बाजार में बड़े बदलाव की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। एनपीसीआई ने यूपीआई मार्केट में किसी भी कंपनी के दबदबे को तोड़ने के लिए 30 फीसदी मार्केट शेयर की सीलिंग तय की थी। इसकी डेडलाइन नजदीक आ रही है। अगर यह फैसला लागू होता है तो इस सेगमेंट की दिग्गज कंपनियों फोनपे और गूगल पे के सामने बड़ी मुसीबत खड़ी हो जाएगी। इन दो कंपनियों के पास यूपीआई मार्केट की लगभग 85 फीसदी हिस्सेदारी है। नए नियम 1 जनवरी से लागू होंगे। इसके बाद ये कंपनियां न सिर्फ नए कस्टमर नहीं जोड़ पाएंगी बल्कि इन्हें अपने कस्टमर भी कम करने होंगे। विशेषज्ञों के अनुसार, किसी भी सेगमेंट में एक कंपनी की बादशाहत होने के बाद वह अपने हिसाब से सेवाओं में बदलाव करने लगती है। वह छोटी कंपनियों को मार्केट में ठहरने ही नहीं देते। इससे मार्केट में इनोवेशन का स्कोप बिलकुल खत्म होने लगता है। इसका सबसे बुरा असर आखिरकार ग्राहक पर ही पड़ता है। इसलिए एनपीसीआई की कोशिश है कि यूपीआई सेगमेंट में किसी भी एक कंपनी का एकाधिकार न हो और बाजार में कम्पटीशन बना रहे।




हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

इंडिया के नं 1 तांत्रिक गुरु भवानी जी
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21 सालों से एक ही स्थान पर
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
9988289203

शिक्षा

भारतीय पुनर्वास परिषद (RCI) नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त COLLGE CODE : HR041
सरकारी शिक्षक व विशेष शिक्षक बनने का सुनहरा अवसर
D.Ed Spl. Ed. (IDD/HI) (द्वि-वर्षीय पाठ्यक्रम)
JBT/BTC/BSTC के समकक्ष
ANM 2 Year
DPT फिजियोथेरेपी 2 Year
D.Pharma एलोपैथी 2 Year
केवल RCI द्वारा निर्धारित फीस
DIRECT Admission OPEN
योग्यता : 10+2 50 प्रतिशत अंकों के साथ (General) एवम् 45 प्रतिशत अंकों के साथ SC/ST/PH
ग्रीन वैली इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेशल एजुकेशन एण्ड रिहैबिलिटेशन सैन्टर
पटेल नगर, निकट शिव मन्दिर वाली गली, सोनीपत
CONTACT : 9813342781

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**कन्या** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**तुला** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


**धनु** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


## शब्द पहेली - 5489



**बाएँ से दाए**
1. बलगम-2
3. जाप, मंत्र पाठ-2
5. काया, बदन-2
7. ठाठ-बाट-2
9. गिरावट, अवनति-3
11. बुरी आदत-2
13. सदं, अच्छा-2
15. बंदर-3
17. अपशिष्ट पदार्थ-2
19. थोड़ा-2
22. दबाना, कुचलना-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
26. आम जनता-2
28. पिता के पिता-2
30. पक्षाघात, फालिज-3
32. मनमौजी, अलमस्त-2
34. नवीन-2
36. लोच-3
38. गाड़ी, घोड़ागाड़ी-2
41. बीता हुआ दिन-2
43. लेखनी, पेन-3
45. अधर-2
47. रांझा की प्रेमिका-2
49. अप्सरा, परी -2
51. गर्भ, कोख-3
53. दंड, शिक्षा -2
55. पाश, फंदा-2
57. परखना-3
60. वोट, अभिप्राय-2
62. हत्या-2
64. तिरस्कृत-3
66. शराब-2
67. उद्देश्य-2
68. टूंटी, नलका-2
69. आनंद-2

**ऊपर से नीचे**
1. प्याला-2
2. धर्म आदेश-3
4. क्षण, लमहा-2
6. गगन, आकाश-2
8. सरुर, खुमार-2
10. पति की बहन-3
12. अंधकार-2
14. शर्म, लज्जा-2
16. पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18. भाग्य (अंग्रेजी-2)
20. रहस्य-2
21. कुर्बान-2
23. अनुकृति-3
25. जोर, बल-2
27. नाखून-2
29. दक्षिणा-2
31. पढ़ने वाला-3
33. परत-2
35. भैंस जैसा एक प्राणी-2
37. झगड़ा-3
39. भूमि, धरा -2
40. राहगीर-2
42. रक्त-2
44. मां का प्रेम-3
46. दम-2
48. आनंद-2
50. छुट्टी-2
52. झगड़ना-3
54. प्याला-2
56. प्यार-2
58. असफल-3
59. यमराज-2
61. पैंदा-2
63. संपत्ति-2
65. सम्राट-2

### शब्द पहेली - 5488 का हल



## सूडोकु नवताल - 5500

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5499 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

## चिंतन

# क्लाइमेट चेंज पर विकसित देशों का रवैया चिंताजनक

जलवायु परिवर्तन के खतरे बेशक आम चुनाव के दौरान मुख्य मुद्दे न हो, लेकिन यह तेजी से बढ़ता वैश्विक संकट है। धरती पर तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है, इसका प्रमाण बढ़ रही प्रचंड गर्मी है। क्लाइमेट चेज पर पेरिस करार के तापमान को डेढ़ डिग्री कम करने के संकल्पों की दिशा में ठोस प्रगति नहीं दिख रही है। इस बार भारत में भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान है। यूं तो मौसम विभाग ने मानसून के सामान्य रहने का अनुमान जारी किया है, लेकिन वैश्विक रिपोर्टों में अधिक गर्मी पड़ने का अनुमान है। ऐसे में विश्व बैंक, आईएमएफ बैठकों में जलवायु वित्त पर सुस्त प्रगति चिंता की बात है। विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठकें जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए जरूरी खरबों डॉलर जुटाने की ठोस योजना के बिना खत्म हो गईं। इस साल अजरबैजान में संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन (सीओपी29) में सामूहिक मात्रात्मक लक्ष्य (एनसीक्यूजी) या नए जलवायु वित्त लक्ष्य पर चर्चा होनी है। एनसीक्यूजी वह नई राशि है, जिसे विकसित देशों को 2025 से हर साल विकासशील देशों में जलवायु कार्रवाई का समर्थन करने के लिए जुटाना होगा। अमीर देशों से उम्मीद की जा रही है कि वे 2020 से हर साल 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक जुटाएंगे, लेकिन वे बार-बार विफल रहे। हाल ही में हुए एक विश्लेषण से पता चला है कि विकासशील देशों में वित्तीय प्रवाह 2023 में नकारात्मक हो गया। इसका मतलब है कि इन देशों को बाहरी वित्तपोषण से मिलने वाली राशि से अधिक भुगतान कर्ज चुकाने के लिए करना पड़ रहा है। आईएमएफ प्रमुख क्रिस्टालिना जॉर्जीवा के मकुताबिक, वैश्विक अर्थव्यवस्था ने 2020 से 3,300 अरब डॉलर खो दिए हैं। सबसे गरीब देश अपने बजट का 14 प्रतिशत से अधिक ऋण भुगतान पर खर्च करते हैं और ब्याज दरों में बढ़ोतरी से यह राशि बढ़ जाती है। पिछले कुछ वर्षों से तमाम जलवायु परिर्वतन सम्मेलनों में विकासशील देशों को ग्रीन टेक्नोलॉजी अपनाने व वैश्विक तापमान में कमी लाने के लिए सहयोग करने के लिए क्षतिपूर्ति के तौर पर विकसित देशों की ओर से प्रति वर्ष 100 अरब डॉलर देने पर सहमति बनती है, लेकिन विकसित देश इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाते हैं। सबसे अधिक अमेरिका की ओर से हीलहवाली है। अब तो वैश्विक तापमान बढ़ने को लेकर अनेक अध्ययन डराने लगे हैं। पत्रिका 'एडवांसेज इन एटमॉस्फेरिक साइंस' में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक, दुनिया के कई क्षेत्रों में एक साथ अत्यधिक गर्मी का अनुभव करना एक गर्म ग्रह का 'उभरता लक्षण' बन सकता है। वर्ष 2023 के मौसम और जलवायु की समीक्षा करने वाले नए अनुसंधान में कहा गया है कि पिछले वर्ष अनुभव की गयी कई घटनाएं गर्म होती दुनिया के बारे में पूर्व में की गयी भविष्यवाणियों के अनुरूप हैं। भविष्य में पृथ्वी के अत्यधिक गर्म होने पर साल की शुरुआत में ही रिकॉर्ड तोड़ गर्मी और चक्रवात के कारण अत्यधिक बारिश होने की आशंका है। दक्षिण पश्चिमी यूरोप, ब्राजील, मोरक्को और दक्षिण अफ्रीका में 2023 की वसंत ऋतु में गरम हवा देखी गई। उत्तर अमेरिका, दक्षिणी यूरोप, उत्तरी अफ्रीका और एशिया के कई क्षेत्रों में पिछले साल जुलाई में एक साथ रिकॉर्ड तोड़ गर्मी देखी गई। पिछले साल हवाई और कनाडा के जंगलों में लगी आग भी बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा रही है। गर्मी में उम्मीद से अधिक बढ़ोत्तरी बढ़ते तापमान की दस्तक है, चेतना होगा।

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था होगी मजबूत



विश्लेषण
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

इस समय दुनिया में कृषि निर्यात में भारत का स्थान सातवां है। भारत से करीब करीब 50 हजार डॉलर से अधिक मूल्य का कृषि निर्यात होता है। खाद्य प्रसंस्करण में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां निर्यात में वृद्धि नहीं हुई है। इस समय भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता 12 लाख टन से बढ़कर दो सौ लाख टन हो गई है। पिछले नौ वर्षों में खाद्य प्रसंस्करण निर्यातों में 15 गुना वृद्धि है। निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 13 से बढ़कर 23 प्रतिशत हो गई है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण के तहत पांच क्षेत्र हैं। एक डेयरी क्षेत्र, दो फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, तीन, अनाज का प्रसंस्करण, चार, मांस मछली एवं पोल्ट्री प्रसंस्करण तथा पाँच, उपभोक्ता वस्तुएं पैकेट बंद खाद्य और पेय पदार्थ।

हाल ही में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत के तेजी से बढ़ते हुए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की अहम भूमिका है। बढ़ते हुए कृषि उत्पादन और ग्रामीण बाजारों में मांग बढने से निजी खपत में भी तेजी आ रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और प्रमुख मौसम एजेंसी स्काईमेट ने कहा है कि अनुकूल मानसूनी मौसम के कारण इस वर्ष 2024 में भारत में अच्छी वर्षा के स्पष्ट संकेत खेती और भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। इसी प्रकार हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा कहा गया है कि इस वर्ष 2024 में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के सामान्य रहने की उम्मीद है जिससे कृषि गतिविधियों में और तेजी आएगी। ग्रामीण बाजारों में भी मांग बढ़ने से अर्थव्यवस्था को तेज गति मिलेगी।

गौरतलब है कि विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण अधिक खर्च कर रहे हैं। गांवों में न केवल कृषि संबंधी संसाधनों की अधिक बिक्री हो रही है, वरन गाँवों में फ्रिज, दो पहलिया वाहन और टीवी की खरीदारी में सबसे उच्च स्तर पर है। यह सब ग्रामीण भारत में भविष्य प्रति उत्साह और वर्तमान के बेहतर परिणामों का प्रतीक है। यह भी महत्वपूर्ण है कि भारत में पिछले एक दशक में शहरी परिवारों के मुकाबले ग्रामीण परिवारों का खर्च तेजी से बढ़ा है। ग्रामीण भारत के विकास के लिए सरकारी योजनाओं के तहत किए गए भारी व्यय, ग्रामीणों के रोजगार की मनरेगा योजना तथा स्वरोजगार की ग्रामीण योजनाओं से ग्रामीण परिवारों की आमदनी में तेज इजाफे के साथ उनकी क्रय शक्ति और मांग में भारी इजाफा हुआ है। इससे ग्रामीण भारत की आर्थिक ताकत में इजाफा हुआ है। यद्यपि अभी आम चुनाव के बाद जून 2024 में गठित होने वाली नई सरकार के मूर्तरूप लेने में कोई दो माह बकाया है, लेकिन उच्च प्रशासनिक स्तर पर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के मकसद से जिन क्षेत्रों के लिए आगामी पांच सालों के लिए प्रभावी रणनीति बनाई जाना शुरू की गई है उनमें कृषि भी प्रमुख है।

यह कोई छोटी बात नहीं है कि इस समय पूरी दुनिया में भारत को खाद्यान्न का नया वैश्विक कटोरा माना जा रहा है। भारत दुनिया का तीसरा बड़ा खाद्यान्न उत्पादक देश है। दुनिया में भारत सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश बना हुआ है। गेहूं तथा फलों के उत्पादन के मामले में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर तथा सब्जियों के उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। विश्व स्तर पर, भारत केला, आम, अमरूद, पपीता, अदरक, भिंडी, चावल, चाय, गन्ना, काजू, नारियल, इलायची और काली मिर्च आदि के प्रमुख उत्पादक के रूप में जाना जाता है। साथ ही खाद्य प्रसंस्करण के मामले में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। निश्चित रूप से पिछले 10 वर्षों में कृषि एवं ग्रामीण विकास का नया आधार तैयार हुआ है। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि क्षेत्र का योगदान करीब 15 फीसदी है। सरकार के द्वारा ग्रामीण एवं कृषि विकास के लिए एक के बाद एक रणनीतिक कदम उठाए गए हैं। कृषि बजट में 10 वर्षों में 5 गुना वृद्धि हुई है। किसानों के



सशक्तिकरण, फसलों के लिए किसानों को लाभप्रद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) दिए जा रहे हैं। सरकार के द्वारा 11 करोड़ से अधिक किसानों के जनधन खातों में पीएम किसान सम्मान निधि के तहत करीब 3 लाख करोड़ रुपए सीधे हस्तांतरित होने जैसे प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में उर्वरक, बीज, कृषि रसायन, ट्रैक्टर एवं कृषि उपकरण, जैसी कृषि क्षेत्र से जुड़ी हुई वस्तुओं के अधिक उपयोग से किसानों को लाभ हुआ है और इन सबसे जहाँ एक ओर भारत में कृषि क्षेत्र अधिक प्रतिस्पर्धी एवं लाभदायक बन रहा है, वहीं दूसरी ओर छोटे किसान अधिक लाभांवित हो रहे हैं।

जहाँ कोविड-19 की आपदाओं से लेकर अब तक भारत वैश्विक स्तर पर दुनिया के जरूरतमंद देशों की खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई दे रहा है, वहीं भारत ने दुनियाभर में कृषि उत्पादों के निर्यात बढ़ाने का अवसर भी मुठ्ठियों में लिया है। भारत से कृषि निर्यात लगातार बढ़ते जा रहे हैं। भारत से अनाज, गैर-बासमती चावल, बाजरा, मक्का और अन्य मोटे अनाज के अलावा फलों एवं सब्जियों के निर्यात में भारी वृद्धि देखी गई है। भारत के कृषि उत्पादों के बड़े बाजारों में अमेरिका, चीन, बांग्लादेश, वियतनाम, इंडोनेशिया, नेपाल, ईरान और मलेशिया शामिल हैं। कई छोटे देशों के बाजार भी मुठ्ठियों में आए है। उल्लेखनीय है कि विश्व बाजार में भारत के मसालों की खुशबू की धमक बहुत अधिक बढ़ी है। चूँकि मसाले की खेती में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाता है, इसका असर वैश्विक बाजार में भारतीय मसालों की निर्यात मांग बढ़ने के रूप में रेखांकित हो रहा है।

इस समय दुनिया में कृषि निर्यात में भारत का स्थान सातवां है। भारत से करीब करीब 50 हजार डॉलर से अधिक मूल्य का कृषि निर्यात होता है। खाद्य प्रसंस्करण में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां निर्यात में वृद्धि नहीं हुई है। इस समय भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता 12 लाख टन से बढ़कर दो सौ लाख टन हो गई है। पिछले नौ वर्षों में खाद्य प्रसंस्करण निर्यातों में 15 गुना वृद्धि है। निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 13 से बढ़कर 23 प्रतिशत हो गई है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण के तहत पांच क्षेत्र हैं। एक डेयरी क्षेत्र, दो फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, तीन, अनाज का प्रसंस्करण, चार, मांस मछली एवं पोल्ट्री प्रसंस्करण तथा पाँच, उपभोक्ता वस्तुएं पैकेट बंद खाद्य और पेय पदार्थ। खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर के इन प्रमुख पांचों क्षेत्रों की व्यापक संभावनाओं को मुठ्ठियों में करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इससे ग्रामीण भारत लाभांवित हो रहे हैं।

यह बात महत्वपूर्ण है कि फरवरी 2024 में भारत के द्वारा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबूधाबी में आयोजित विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में खाद्य सुरक्षा, खाद्यान्नों के सार्वजनिक भंडारण एवं न्यूनतम समर्थन (एमएसपी) के स्थाई समाधान के लिए जिस तरह प्रभावी पहल की उसके कारण इस सम्मेलन में इन मुद्दों पर कई विकसित देश भारत के किसानों के हितों के प्रतिकूल कोई प्रस्ताव आगे नहीं बड़ा पाए। ऐसे में अब भी भारत अपने किसानों के उपयुक्त लाभ के लिए नीतियाँ बनाते हुए खाद्य सुरक्षा और सार्वजनिक भंडारण की सुविधा से कृषि और ग्रामीण विकास के अभियान को आगे बढ़ा सकेगा।


24 फरवरी 2024 को सरकार ने सहकारी क्षेत्र में दुनिया की जिस सबसे बड़ी खाद्यान्न भंडारण योजना के लिए प्रायोगिक परियोजना के तहत जिन 11 राज्यों में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को लक्षित किया गया है, उनके माध्यम से पैक्स की किसानों के हित में बहुआयामी भूमिका होगी। देश में खाद्यान्न भंडारण की जो क्षमता फिलहाल 1450 लाख टन की है, उसे अगले 5 साल में सहकारी क्षेत्र में 700 लाख टन अनाज भंडारण की नई क्षमता विकसित करके कुल खाद्यान्न भंडारण क्षमता 2150 लाख टन किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## मुद्दा

एस.एन. वर्मा



# महिलाओं को जागरूक बनाने के लिए डिजिटल शक्ति

देश की आधी आबादी महिलाओं को डिजिटल क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने की काफी आवश्यकता है। इस क्षेत्र में जागरूक न होने के कारण अधिकाशं महिलाएं साइबर क्राइम का शिकार होती जा रही हैं। हालाकि देश भर में महिलाओं को डिजिटल क्षेत्र में जागरूकता के स्तर को बढ़ाने में मदद करने के लिए जून 2018 में डिजिटल शक्ति की शुरुआत हुई थी। राष्ट्रीय महिला आयोग के अनुसार पूरे भारत में इस परियोजना के माध्यम से 3 लाख से अधिक महिलाओं को साइबर सुरक्षा के बारे में परामर्श और सूझ-बूझ के बारे में अवगत कराया गया है। लेकिन यह संख्या का काफी कम है और यह सिर्फ बड़े शहरों तक ही सीमित है। बिहार, उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों के शहरों की महिलाएं इस पहुंच से दूर है। जबकि उनकी आबादी इन छोटे शहरों में ही अधिक हैं और ये महिलाएं ही दूर दराज बैठे साइबर अपराधियों के शिकार आसानी से हो जाते हैं।

पहले हम यह जान लें कि डिजिटल शक्ति क्या है? डिजिटल शक्ति साइबर स्पेस में महिलाओं एवं बालिकाओं को डिजिटल रूप से सशक्त तथा कुशल बनाने की एक अखिल भारतीय परियोजना है। डिजिटल शक्ति महिलाओं को किसी भी अनुचित घटना के विरुद्ध खड़ा करने की पहल है, जो वे ऑनलाइन स्पेस में देख सकती हैं पिछले एक दशक में भारत में साइबर क्राइम की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। दुर्भाग्य से, इन अपराधों का एक बड़ा हिस्सा महिलाओं के खिलाफ होता है। इसका प्रमुख कारण भारत में प्रचलित भारी लैंगिक भेदभाव और डिजिटल ज्ञान की कमी भी हैं। एक और चुनौती यह है कि साइबर क्राइम के शिकार ज्यादातर महिलाएं शिकायत दर्ज नहीं कराती हैं। इसके पीछे सामान्य कारण या तो परिवार और कानून प्रवर्तन से समर्थन की कमी और उनमें जागरूकता का अभाव है। हालांकि साइबर क्राइम के लिए स्पेशलाइज्ड पोर्टल स्थापित किया गया है, लेकिन कई मामले अनसुलझे रह गए हैं। जिन मामलों से जुड़े और जुड़े मामले हैं, वे औसतन 6-12 महीने की रिपोर्ट में बताए गए हैं।

बताते चलें कि राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने नवंबर 22 में डिजिटल शक्ति अभियान के चौथे चरण का शुभारंभ किया था। यह अभियान, साइबर क्षेत्र में महिलाओं और लड़कियों को डिजिटल रूप से सशक्त और कुशल बनाने का एक अखिल भारतीय परियोजना है। महिलाओं और लड़कियों के लिए सुरक्षित ऑनलाइन स्थान बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, डिजिटल शक्ति 4.0 महिलाओं को डिजिटल रूप से कुशल बनाने और ऑनलाइन माध्यम से किसी भी अवैध व अनुचित गतिविधि के खिलाफ खड़े होने के लिए जागरूक करने पर केंद्रित है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने इसे साइबरपीस फाउंडेशन और मेटा के सहयोग से शुरू किया है। डिजिटल शक्ति की शुरुआत जून 2018 में देश भर की महिलाओं को डिजिटल क्षेत्र में जागरूकता के स्तर को बढ़ाने, लचीलापन अपनाने और साइबर अपराध से सबसे प्रभावी तरीकों से लड़ने में मदद करने के लिए की गई थी। पूरे भारत में इस परियोजना के माध्यम से 3 लाख से अधिक महिलाओं को साइबर सुरक्षा परामर्शों और सूझ-बूझ, रिपोर्टिंग और निवारण व्यवस्था, डेटा गोपनीयता और उनके लाभ के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग से अवगत कराया गया है। हालाँकि, अभी भी महिला जनसंख्या का एक बड़ा प्रतिशत ऐसा है जिसके लिए विशेषज्ञों की आवश्यकता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि साइबरस्पेस में जाने से समय पर महिलाएं सुरक्षित रहें, और सलाह और इंटरनेट द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाएं के कौशल से लाभ हैं। दूसरे चरण में, अभियान को वी थिंक डिजिटल - डिजिटल शक्ति अभियान के रूप में नया रूप दिया गया और 11 फरवरी 2020 को सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर एक ऑफ़लाइन कार्यशाला के साथ लॉन्च किया गया, जो लखनऊ में 300 से अधिक महिलाओं के लिए आयोजित की गई थी। 12 महीनों की अवधि में, कुल 167 कार्यशालाएँ और छात्रों, शिक्षकों और केस कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न पृष्ठभूमियों के 1,05,000 से अधिक नेटीजनों को निम्नलिखित विषयों पर प्रशिक्षित किया गया था। डेटा और डिजिटल फ़ुटप्रिंट को समझना, जिम्मेदार ऑनलाइन व्यवहार, गलत सूचना से लड़ना, साइबर अपराध और निवारण। अभियान को डब्ल्यूएसआईएस पुरस्कार 2020 के लिए एक चौंपियन प्रोजेक्ट नामित किया गया था। भारत के 6 राज्यों-दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र, मेघालय, तमिलनाडु और मणिपुर में कुल 62,000 लड़कियों और महिलाओं को जागरूक किया गया।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व टिप्पणीकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मन में निर्भयता लाती है मां दुर्गा की भक्ति साधना



संकलित
**दर्शन**

वैसे तो हिंदी वर्षानुसार वर्षा, शरद, शिशिर, हेमंत, वसंत व ग्रीष्म- छह ऋतुएं होती हैं, लेकिन मुख्य रूप से दो ही प्रधान हैं- सर्दी व गर्मी। इन दोनों प्रधान ऋतुओं की संधि बेला को नवरात्रि की संज्ञा दी गई है। दिन और रात्रि के मिलन को संध्याकाल कहते हैं। इस महत्वपूर्ण समय को ईश्वर की आराधना, भजन, संध्या, वंदन व आध्यात्मिक साधना में लगाया जाना चाहिए, क्योंकि यह समय अत्याधिक लाभदायी और कम श्रम से अधिक फल देने वाला माना गया है। संध्या काल को पुण्य पर्व भी कहा गया है। आरोग्य शास्त्र के विद्वानों को विदित है कि आश्विन व चैत्र मास में जो सूक्ष्म परिवर्तन होता है, उसका प्रभाव शरीर पर कितनी अधिक मात्रा में पड़ता है। यह बदलाव स्वास्थ्य पर कई प्रकार से प्रभाव डालता है। अनेकानेक रोग, ज्वर, चेचक आदि मनुष्य पर हावी होने लगते हैं। वैद्य जानते हैं कि वमन, विरेचन, स्वेदन, वस्ति, रक्त मोक्षण आदि शरीर शोधन कार्यों के लिए आश्विन और चैत्र का महीना ही सर्वाधिक उपयुक्त होता है। ऐसे समय में ही साधना का महत्वपूर्ण पर्व आता है। हिंदू परंपरा के अनुसार, भारतीय पर्व और त्योहारों में नवरात्रि पर्व का अत्यधिक महत्व है। यह वर्ष में दो बार आता है। दुर्गावतरण की पावन कथा भी इसके साथ जुड़ी हुई है। देवत्व के संयोग से असुर निकंदिनी महाशक्ति के उद्भव का महत्व हर युग में रहा है। युग की भयावह समस्याओं से त्राण पाने के लिए युग शक्ति के उद्भव की कामना हर मन में उठती है।

# पांच मिनट का जीवन



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार एक व्यक्ति को रास्ते में यमराज मिल गये वो व्यक्ति उन्हें पहचान नहीं सका। यमराज ने पीने के लिए व्यक्ति से पानी माँगा, बिना एक क्षण गंवाए उसने पानी पिला दिया। पानी पीने के बाद यमराज ने बताया कि वो उसके प्राण लेने आये हैं लेकिन चूँकि तुमने मेरी प्यास बुझाई है इसलिए मैं तुम्हें अपनी किस्मत बदलने का एक मौका देता हूँ। यह कहकर यमराज ने एक डायरी देकर उस आदमी से कहा कि तुम्हारे पास 5 मिनट का समय है। इसमें तुम जो भी लिखोगे वही हो जाएगा लेकिन ध्यान रहे केवल 5 मिनट। उस व्यक्ति ने डायरी खोलकर देखा तो उसने देखा कि पहले पेज पर लिखा था कि उसके पड़ोसी की लॉटरी निकलने वाली है और वह करोड़पति बनने वाला है। उसने वहाँ लिख दिया कि उसके पड़ोसी की लॉटरी न निकले। अगले पेज पर लिखा था कि उसका एक दोस्त चुनाव जीतकर मंत्री बनने वाला है, तो उसने लिख दिया कि उसका दोस्त चुनाव हार जाए। इस तरह, वह पेज पलटता रहा और अंत में उसे अपना पेज दिखाई दिया। जैसे ही उसने कुछ लिखने के लिए अपना पेन उठाया यमराज ने उस व्यक्ति के हाथ से डायरी ले ली और कहा वत्स तुम्हारा पांच मिनट का समय पूरा हुआ, अब कुछ नहीं हो सकता। तुमने अपने पूरे 5 मिनट का समय दूसरों का बुरा करने में व्यतीत कर दिया और अपना जीवन खतरे में डाल दिया, अंततः तुम्हारा अंत निश्चित है। यह सुनकर वह व्यक्ति बहुत पछताया लेकिन सुनहरा मौका उसके हाथ से निकल चुका था।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### कंगना-विक्रमादित्य की बयानबाजी का औचित्य

कांग्रेस के विक्रमादित्य और भाजपा की कंगना रनौत लोकसभा चुनाव के लिए मंडी से प्रत्याशी हैं। कंगना की राजनीति में नई-नई एंट्री है और वह शायद पहली बार चुनाव लड़ रही हैं, जबकि विक्रमादित्य राजनीति में पिछले कुछ वर्षों से सक्रिय हैं और विधानसभा चुनाव भी लड़ चुके हैं। इस बार मंडी से राजनीति का पुराना खिलाड़ी विक्रमादित्य बाजी मारेगा या फिर कंगना रनौत, यह तो मतदाता ही तय करेगा, लेकिन लोकसभा चुनाव जीतने के लिए ये दोनों विभिन्न तरह के मुद्दों पर बात कर रहे हैं। विक्रमादित्य कांग्रेस की उपलब्धियों को आमजन के समक्ष रख रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ कंगना मोदी सरकार की उपलब्धियों को।

*– महेंद्र तिवारी, रायगढ़*

## करंट अफेयर


# तालिबान को आतंकी सूची से हटाने रूस कर रहा विचार



अधिकारियों ने संकेत दिया है कि रूस फिलहाल तालिबान को आतंकवादी संगठनों की सूची से हटाने पर विचार कर रहा है। इस संबंध में हालांकि अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है, लेकिन उनके बढ़ते सौहार्दपूर्ण संबंधों का एक संकेत मई में रूस के कजान शहर में आयोजित होने वाले एक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मंच के लिए तालिबान का निमंत्रण है। रूस के राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने पहले भी तालिबान के साथ चर्चा शुरू की है, और जब संगठन ने अफगानिस्तान पर नियंत्रण किया तो रूस एक राजनयिक को मान्यता देने वाले कुछ देशों में से एक था। अफगानिस्तान के राजनीतिक एवं आर्थिक संकट और यूक्रेन युद्ध के कारण रूस पर पश्चिमी प्रतिबंधों का मतलब है कि दोनों पक्षों को मजबूत रिश्ते से कुछ हासिल करना होगा। वर्ष 1999 में, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने प्रस्ताव 1267 को अपनाया था। कुछ महीने बाद, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव को लागू करने और तालिबान के खिलाफ प्रतिबंध लगाने संबंधी एक डिक्री पर हस्ताक्षर किए। रूस के उच्चतम न्यायालय ने 2003 में तालिबान को आतंकवादी संगठन घोषित करते हुए कहा कि इसने चेचन्या में अवैध सशस्त्र बलों के साथ संबंध बनाए रखे और उज्बेकिस्तान, ताजिकिस्तान तथा किर्गिस्तान में सत्ता पर कब्जा करने की कोशिश की।

## ऑफ बीट

# 'तनाव चक्र' को पूरा करने बर्नआउट से बचना होगा



क्या आप ऐसा समय याद कर सकते हैं जब आपने जीवन की एक बड़ी घटना से पहले तनाव महसूस किया हो और फिर बाद में ऐसा महसूस हुआ जैसे कोई बोझ उतर गया हो? यह प्रक्रिया – तनाव प्रतिक्रिया का तेज होना और फिर इसे वापस शांत महसूस करना – 'तनाव चक्र' के पूरा होने को दर्शाता है। दैनिक जीवन में कुछ तनाव अपरिहार्य है। लेकिन तनावग्रस्त रहना अस्वास्थ्यकर है। लंबे समय तक रहने वाला तनाव हृदय रोग और स्ट्रोक और मधुमेह सहित पुरानी स्वास्थ्य स्थितियों को बढ़ाता है। इससे उदासी या अवसाद भी हो सकता है। व्यायाम, संज्ञानात्मक, रचनात्मक, सामाजिक और आत्म-सुखदायक गतिविधियाँ हमें तनाव को स्वस्थ तरीके से संसाधित करने और तनाव चक्र को पूरा करने में मदद करती हैं। तनाव चक्र कैसा दिखता है? वैज्ञानिक और शोधकर्ता 'तनाव प्रतिक्रिया' का उल्लेख करते हैं, अक्सर सामना करने या इससे बच निकलने की प्रतिक्रियाओं पर ध्यान केंद्रित करते हैं। 'तनाव चक्र' वाक्यांश को स्व-सहायता विशेषज्ञों द्वारा लोकप्रिय बनाया गया है लेकिन इसका वैज्ञानिक आधार है। तनाव चक्र किसी तनावपूर्ण घटना के प्रति हमारे शरीर की प्रतिक्रिया है, चाहे वह वास्तविक हो या कथित, शारीरिक हो या मनोवैज्ञानिक।

## ट्रेंड

### लोकसेवकों को शुभकामनाएं



सिविल सेवा दिवस पर सभी लोक सेवकों को शुभकामनाएं। आपने देश की प्रगति के लिए अथक काम करने की महान विरासत को आगे बढ़ाया है। मुझे विश्वास है कि आप राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ देश के नागरिकों की सेवा करना जारी रखेंगे।

-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### महावीर के अहिंसा संदेश



महावीर जयंती के पावन अवसर पर देश के समस्त परिवारजनों को मेरी अनंत शुभकामनाएं। शांति, संयम और सद्भावना से जुड़े भगवान महावीर के संदेश विकसित भारत के निर्माण में देश के लिए प्रेरणापुंज हैं।

-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

### भाजपा एक पूजक पंथ बन गई



भाजपा अब एक राजनीतिक पार्टी नहीं रही, बल्कि एक ऐसा पंथ बन गई है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पूजा करती है। मोदी के 10 साल के शासन में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता गंभीर रूप से कमजोर हुई है।

-पी. चिदंबरम, कांग्रेस नेता

### खरीद क्षमता कम हुई



मोदी सरकार के अपने आधिकारिक आंकड़ों सहित आंकड़ों के कई स्रोत एक मत से इस तथ्य को दर्शाते हैं कि श्रमिकों की खरीद क्षमता आज 10 साल पहले की तुलना में आज कम है। धीमी वेतन वृद्धि और कमरतोड़ महंगाई के चलते वास्तविक मजदूरी में अभूतपूर्व गिरावट हुई है।।

-जयराम रमेश, कांग्रेस नेता

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## थोटाकुरा का सपना होगा पूरा, वे 6 सदस्यों में शामिल

बताई दिल की बात

# जेफ बेजोस के स्पेस मिशन में गोपी बनेंगे पहले भारतीय अंतरिक्ष पर्यटक

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

जेफ बेजोस के अंतरिक्ष स्टार्टअप ब्लू ओरिजिन ने इस महीने 6 सदस्यीय दल का खुलासा किया, जो उसके एनएस-25 मिशन पर उड़ान भरेगा। इसमें अमेरिका में रह रहे भारतीय मूल के गोपी थोटाकुरा भी शामिल हैं।

गोपी के अलावा इस दल में एड ड्वाइट भी हैं, जो 1961 में पहले अश्वेत अंतरिक्ष यात्री थे, जिन्हें तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने एयरोस्पेस रिसर्च पायलट स्कूल में प्रशिक्षण में प्रवेश



के लिए चुना था। थोटाकुरा इतिहास में पहले भारतीय अंतरिक्ष पर्यटक बनेंगे। बेजोस का लक्ष्य अंतरिक्ष में कलाकारों, कवियों और शिक्षकों को कर्मन रेखा (पृथ्वी की 80 से 100 किमी ऊपर जहां से अंतरिक्ष शुरू होता है।) से परे ले जाना है।

### अमेरिका के अटलांटा में चलाते हैं वेलनेस कंपनी

गोपी अटलांटा में अपने पिता के साथ रहते हैं और संयुक्त राज्य अमेरिका में एक वेलनेस कंपनी चलाते हैं। उनके लिए उड़ान भरना रोज का काम नहीं है, लेकिन वह अब भी सूर्यास्त के समय कुछ शौकिया उड़ान करते हैं। गोपी ने कहा कि हम सब लोग रोजाना उठते हैं और आकाश की ओर देखते हैं। एक बार मैं वहां जाकर अपनी नंगी आंखों से पृथ्वी को देखना चाहता हूं। उड़ना मेरा जुनून है और अंतरिक्ष में जाना अंतिम सपना है।

### पिता ने उनके शौक को दी थी ऊंची उड़ान

*गोपी थोटाकुरा गर्म हवा के गुब्बारे उड़ाया करते थे, तो उनके पिता ने उन्हें अपने इस शौक और सपने को बेरोकटोक जारी रखने के लिए कहा। उनके पिता का यह समर्थन तब पूरा होगा जब 30 वर्षीय भारतीय पायलट जेफ बेजोस के स्वामित्व वाले ब्लू ओरिजिन के न्यू शेपर्ड की 25वीं उड़ान में 6 सदस्यीय चालक दल के हिस्से के रूप में पहले भारतीय अंतरिक्ष पर्यटक बनकर जाएगा।*

*दुनियाभर में बढ़ जाएगी कच्चे तेल और एलएनजी की कीमतें*

## भारत को भी लगेगा झटका, 90 डॉलर पर पहुंचे दाम

# अगर ईरान ने रोका 40 किमी चौड़ा रास्ता तो तेल को तरसेगी दुनिया

एजेंसी ▸▸ तेहराइन

ईरान-इजराइल संघर्ष के बीच अगर ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद किया तो कच्चे तेल और एलएनजी की कीमतें बढ़ सकती हैं। संघर्ष के बाद



से कच्चे तेल की कीमतें 90 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गईं। इस जलडमरूमध्य से भारत जैसे देश सऊदी अरब, इराक और यूएई से कच्चा तेल आयात करते हैं।

### क्या है होर्मुज जलडमरूमध्य?

होर्मुज जलडमरूमध्य ओमान और ईरान के बीच 40 किमी चौड़ी समुद्री पट्टी है। इस मार्ग के जरिए सऊदी अरब (63 लाख बैरल प्रति दिन), यूएई, कुवैत, कतर, इराक (33 लाख बैरल प्रति दिन) और ईरान (13 लाख बैरल प्रति दिन) कच्चे तेल का निर्यात करते हैं।

## फिलिस्तीन के वेस्ट बैंक में इजराइली रक्षा बलों की एक यूनिट पर प्रतिबंध!

# इजराइल के खिलाफ अमेरिका उठाएगा सख्त कदम, नेतन्याहू हुए आगबबूला



*इजराइली सेना की बेहद कट्टर सैनिकों की यूनिट नेत्जाह येहुदा के खिलाफ अमेरिका बड़ा कदम उठाने की तैयारी में है। अमेरिका के इस संभावित कदम से इजराइली पीएम नेतन्याहू खासे नाराज दिख रहे हैं।*

- इजराइल बोला-यह 'बेतुकेपन की पराकाष्ठा और नैतिक निम्नता' है
- नेत्जाह येहुदा सैनिक अमेरिकी सैनिकों के साथ प्रशिक्षण नहीं ले पाएंगे
- इजराइली सेना की टुकड़ी का नाम 'नेत्ज़ाह येहुदा बटालियन' है

**किसी इजराइली सैन्य टुकड़ी के खिलाफ बाइडेन की यह पहली कार्रवाई होगी**

एजेंसी ▸▸ तेल अवीव

फिलिस्तीन के वेस्ट बैंक में इजराइली सेना पर मानवाधिकार उल्लंघन के गंभीर आरोप लगते रहे हैं। ऐसे में अब खबर है कि अमेरिका वहां आम लोगों को निशाना बनाने के आरोप में इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) की एक यूनिट पर प्रतिबंधों की घोषणा कर सकती है। अगर ऐसा होता है तो किसी इजराइली सैन्य टुकड़ी के खिलाफ बाइडेन प्रशासन की पहली कार्रवाई होगी। इजराइली सेना की इस टुकड़ी का नाम नेत्ज़ाह येहुदा बटालियन है।

### हथियारों पर रोक...

*लीही कानूनों के तहत, नेत्जाह येहुदा सैनिक अमेरिकी सैनिकों के साथ प्रशिक्षण नहीं ले पाएंगे या अमेरिकी फंडिंग के साथ किसी भी गतिविधि में भाग नहीं ले पाएंगे। इन प्रतिबंधों से बटालियन को अमेरिकी हथियारों के हस्तांतरण पर भी रोक लग जाएगी। नेत्जाह येहुदा दक्षिणपंथी उग्रवाद और फ़िलिस्तीनियों के ख़िलाफ़ हिंसा को लेकर पिछले कई दिनों से विवादों में घिरी रही है। इसमें 78 साल के फ़िलिस्तीनी-अमेरिकी नागरिक उमर असद की मौत भी शामिल है, जिनकी बटालियन के सैनिकों द्वारा हिरासत में लिए जाने के बाद मौत हो गई थी।*

### इजराइल ने की अमेरिका की निंदा

*अमेरिका के इस संभावित कदम से इजराइली पीएम नेतन्याहू खासे नाराज दिख रहे हैं। उन्होंने ऐसी कार्रवाई को 'बेतुकेपन की पराकाष्ठा और नैतिक निम्नता' करार दिया है। नेतन्याहू ने ट्वीट किया कि इजराइल रक्षा बलों पर प्रतिबंध नहीं लगाए जाने चाहिए! इसमें वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों से बातचीत भी शामिल है। उन्होंने कहा कि 'ऐसे समय में जब हमारे सैनिक आतंक के राक्षसों से लड़ रहे हैं, आईडीएफ की एक इकाई पर प्रतिबंध लगाने का इरादा ठीक नहीं है। मेरी सरकार इन कदमों के खिलाफ हर तरह से कार्रवाई करेगी।*

### यह पैदल सैनिकों की टुकड़ी है

बता दें कि नेत्जाह येहुदा, बेहद कट्टर पैदल सैनिकों की टुकड़ी है। इसमें केवल ऐसे ही सैनिक शामिल होते हैं जो अपनी मान्यताओं से समझौता किए बिना स्वतंत्र रूप से फोर्स की सेवा कर सकते हैं। इन सैनिकों को महिला सैनिकों के साथ बातचीत करने की अनुमति नहीं है और उन्हें धार्मिक अध्ययन एवं प्रार्थना के लिए अतिरिक्त समय दिया जाता है। दिसंबर 2022 में इजरायल ने इस यूनिट को वेस्ट बैंक से बाहर ट्रांसफर कर दिया था और तब से यह ज्यादातर देश के उत्तरी हिस्सों में सेवा दे रहा है।

### युद्ध की कगार से पीछे हटते नजर आ रहे ईरान और इजराइल

*ईरान और इजराइल के बीच जारी तनाव के अब कम होने के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिका ने आयरन डोम एयर डिफेंस सिस्टम सहित इजराइल की सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने देश के लिए 13 अरब डॉलर की नई सैन्य सहायता को मंजूरी दी। ऐसे में ईरान और इजराइल संघर्ष की कगार से पीछे हटते दिखाई दे रहे हैं। ईरान ने अपने ड्रोन और मिसाइल हमले के लिए इजराइल की कथित जवाबी कार्रवाई को ज्यादा तवज्जो नहीं दी। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सहायता बिल का स्वागत करते हुए एक्स पर लिखा कि यह इजराइल के लिए मजबूत द्विदलीय समर्थन प्रदर्शित करता है।*

## खबर संक्षेप



### पाक में आतंकियों ने की 1 सैनिक समेत 3 की हत्या

**पेशावर।** उत्तर पश्चिम पाकिस्तान के अशांत प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में रविवार को 2 आतंकी घटनाओं में बाइक सवार अज्ञात लोगों ने फ्रंटियर कोर के 1 सैनिक और 2 सरकारी अधिकारियों की हत्या कर दी। दोनों घटनाएं प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले में हुईं। यारक टोल प्लाजा पर बंदूकधारियों ने एक सरकारी वाहन पर हमला किया, जिसमें दो की मौत हो गई और सीमा शुल्क खुफिया विभाग के दो अधिकारी घायल हो गए। दोनों मामलों में हमलावर घटनास्थल से फरार हो गए।



### तालिबान को आतंकवादी सूची से हटाएगा रूस

**मास्को।** अधिकारियों ने संकेत दिया है कि रूस फिलहाल तालिबान को आतंकवादी संगठनों की सूची से हटाने पर विचार कर रहा है। इस संबंध में हालांकि अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है, लेकिन उनके बढ़ते सौहार्दपूर्ण संबंधों का एक संकेत मई में रूस के कजान शहर में आयोजित होने वाले एक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मंच के लिए तालिबान का निमंत्रण है। पहले भी तालिबान के साथ चर्चा की है।

93 सीटों में से 66 पर पीएनसी ने जीत दर्ज की

# मालदीव में संसदीय चुनाव में बड़ी जीत की ओर राष्ट्रपति मुइज्जू

एजेंसी ▸▸ माले

मालदीव में संसदीय चुनाव के लिए हुए मतदान के बाद अब वोटों की गिनती जारी है।

मालदीव के साथ रिश्तों में आई खटास को लेकर भारत के साथ-साथ चीन भी इस चुनाव पर नजर बनाए हुए है। राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के नेतृत्व वाली पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) मालदीव के संसदीय चुनाव में जीत की तरफ बढ़ रही है।
मालदीव के चुनाव आयोग ने बताया कि 93 सीटों में 86 सीटों का रिजल्ट घोषित कर दिया गया है,



जिसमें से राष्ट्रपति मुइज्जू की पीएनसी पार्टी ने 66 सीटों पर जीत दर्ज की. यह आंकड़ा बहुमत से ज्यादा है, जिससे अब मालदीव में फिर से मुइज्जू की पार्टी की सरकार बन सकती है।

### मुइज्जू के पास बहुमत नहीं

*संसदीय चुनाव राष्ट्रपति मुइज्जू के लिए इसलिए भी अहम है क्योंकि संसद में बहुमत नहीं होने के कारण मुइज्जू के लिए नए कानून बनाने में दिक्कतें पेश आ रही हैं। मालदीव संविधान के तहत संसद के सभी निर्णयों और सरकार द्वारा प्रस्तावित विधेयकों को संसदीय बहुमत से पारित कराना आवश्यक होता है। मोहम्मद मुइज्जू के पीपीएम-पीएनसी गठबंधन ने इंडिया आउट का नारा देकर सितंबर 2023 में राष्ट्रपति चुनाव जीता था। मुइज्जू ने मोहम्मद सोलिह को शिकस्त दी थी।*

### जवानों से भरी बस पलटी 12 जवान घायल

**बस्तर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। चुनाव ड्यूटी से लौट रहे जवानों से भरी बस सड़क हादसे का शिकार हो गई है। बस दुर्घटना में 12 से अधिक जवानों के घायल होने की खबर है। 3 जवानों को गंभीर चोट लगी है।घायल जवानों को उपचार के लिए ढिमरापाल अस्पताल पहुंचाया गया है।

### दिल्ली में भाई-बहन का कत्ल, मां भी गंभीर

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पांडव नगर स्थित शशि गार्डन में नाबालिग भाई-बहन की हत्या कर दी गई, जबकि इनकी मां पर जानलेवा हमला किया गया। हत्या का शक बच्चों के पिता पर था, जिसका शव आनंद विहार में रेलवे ट्रैक पर मिला है। मृत बच्चों की शिनाख्त कार्तिक चौरसिया और आस्था के रूप में हुई है।

## अमेरिका को उसी की भाषा में जवाब

# ईरान ने यूएस के दुश्मन को सौंपी विध्वंसक मिसाइलें

एजेंसी ▸▸ तेहराइन

ईरान ने अमेरिका को जोरदार झटका देते हुए उसके बैकयार्ड में अपनी मिसाइलें तैनात कर दी हैं, जो बाइडेन प्रशासन के लिए बड़ा झटका है। वेनेजुएला ने ईरान से हासिल की सीएम-90 एंटी-शिप मिसाइलों को प्रदर्शित किया है, जो संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए खतरनाक हो सकता है। वेनेजुएला की सेना ने 16 अप्रैल को घोषणा की है कि उसने सीएम-90 मिसाइल, नासिर एंटी-शिप मिसाइल का निर्यात संस्करण हासिल कर लिया है। ईरान से खरीदी गई इन नई मिसाइलों को प्यूर्टो कैबेलो में अगस्टिन अर्मारियो नौसेना बेस पर तैनात किया गया है।



**अमेरिका की नाक के नीचे ईरानी मिसाइलें:** माना जा रहा है कि सीएम-90 मिसाइलों को संभवतः पेकाप मिसाइल बोट यानी ईरान के ज़ोल्फ़ागर जहाजों पर सुसज्जित की जाएंगी, जिसे वेनेजुएला ने पिछले साल हासिल किया था। वेनेजुएला ने जो जहाज ईरान से खरीदा है, वो जहाज-रोधी मिसाइल लांचरों, टारपीडो ट्यूबों और, दूरस्थ हथियार स्टेशनों के साथ, मजबूत तटीय रक्षा के लिए पूरी तरह से सशस्त्र हैं।

### नदी में डूबी नाव, 58 लोगों की हुई मौत

**बांगुई।** मध्य अफ्रीकी गणराज्य की राजधानी बांगुई में एक नदी में नाव डूबने से कम से कम 58 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है और दर्जनों लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। लकड़ी की नौका शुक्रवार को राजधानी बांगुई में मपोको नदी पर एक अंतिम संस्कार के लिए 300 से ज्यादा लोगों को ले जा रही थी, लेकिन काफी ज्यादा लोगों के नाव पर लदे होने की वजह से नाव बीच नदी में ही टूट गई।

हादसे के बाद स्थानीय मछुआरों और लोगों ने आनन फानन में लोगों का रेस्क्यू शुरू किया और आपातकालीन सेवाओं के मौके पर पहुंचने के बाद भी स्थानीय लोग, पीड़ितों को बचाते रहे।

### एक्सपायर्ड चॉकलेट खाने से डेढ़ साल की बच्ची की मौत

**पटियाला।** पटियाला में केक खाने से 10 साल की बच्ची की मौत का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि अब, हाल ही में एक और ऐसा दुखद मामला सामने आया है। पटियाला में ही एक अन्य डेढ़ साल की बच्ची की चॉकलेट खाने से मौत की खबर सामने आई है। खबरों के मुताबिक, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की जांच में पता चला है कि चॉकलेट एक्सपायर हो चुकी थी। बच्ची के परिवार का कहना है कि चॉकलेट का एक टुकड़ा खाते ही मासूम के मुंह से खून बहने लगा था। इसके बाद आनन-फानन में उसे क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गई।हर साल फूड पॉइजनिंग से 60 करोड़ से ज्यादा लोग प्रभावित होते हैं।

1 की मौत, 7 लापता, बचाव कार्य जारी

# प्रशांत महासागर में ट्रेनिंग के दौरान जापान के 2 हेलीकॉप्टर हुए क्रैश

एजेंसी ▸▸ टोक्यो

टोक्यो के दक्षिण में प्रशांत महासागर में क्रू मेंबर के 8 सदस्यों को ले जा रहे जापानी नौसेना के दो हेलीकॉप्टर रात के समय हादसे के शिकार हो गए। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात अन्य लोग लापता हैं।

ये हेलीकॉप्टर प्रशिक्षण उड़ान पर थे और संभवतः एक-दूसरे से टकराने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गए। चालक दल के एक सदस्य का शव पानी से बरामद किया गया। रक्षा मंत्री माइनोरू किहारा ने बताया कि मैरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स के दो एसएच-60के हेलिकॉप्टर चार-चार चालक दल लेकर जा रहे थे और शनिवार देर रात टोक्यो से लगभग 600 किलोमीटर (370 मील) दक्षिण में तोरीशिमा द्वीप के पास उनका संपर्क टूट गया।



### खोज के लिए 8 युद्धपोत और 5 विमान तैनात

दुर्घटना का कारण तुरंत पता नहीं चला है, लेकिन पानी में दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले दोनों हेलीकॉप्टर एक-दूसरे से टकराए होंगे। उन्होंने बताया कि बचावकर्मियों ने एक उड़ान डेटा रिकॉर्डर, प्रत्येक हेलीकॉप्टर से एक ब्लेड और एक ही क्षेत्र में दोनों हेलीकॉप्टरों के टुकड़े बरामद किए हैं।

## लंदन में मेयर इलेक्शन 'हिंदुस्तान बनाम पाक' होने की संभावना

# पाक मूल के मेयर सादिक के सामने खड़े हुए दिल्ली के तरुण गुलाटी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

लंदन में मेयर इलेक्शन 'हिंदुस्तान बनाम पाकिस्तान' होने की संभावना है। पाकिस्तानी मूल के लंदन मेयर सादिक खान के खिलाफ भारतीय मूल के तरूण गुलाटी रेस में शामिल हो गए हैं। गुलाटी का कहना है कि किसी भी राजनीतिक पार्टी ने लंदन के विकास के लिए काम नहीं किया है, लिहाजा लंदन के निवासी निराश हैं। गुलाटी ने कहा है कि वो एक सीईओ की तरह लंदन शहर का कामकाज संभालना चाहते हैं, न किसी नेता की तरह ताकि शहर में व्यवस्था कायम हो सके और सभी को लाभ मिल सके।



### दिल्ली में जन्मे हैं तरुण

दिल्ली में जन्मे तरूण गुलाटी का मानना है, कि एक व्यवसायी और इन्वेस्टमेंट एक्सपर्ट के तौर पर उनका अनुभव लंदन को आवश्यक निवेश को आकर्षित करने और ग्लोबल बैंक बनने कि दिशा में ले जाएगा और लंदन की किस्मत फिर से पुनर्जीवित हो पाएगी। 63 साल के तरूण गुलाटी 2 मई को लंदन मेयर का होने वाले चुनाव में एक निर्दलीय उम्मीदवार की तरह अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। लंदन मेयर इलेक्शन में इस साल कुल 13 लोगों ने नामांकन दाखिल किया है और 2 मई को होने वाले चुनाव में लंदन के लोग मेयर चुनाव के साथ साथ लंदन विधानसभा के लिए भी वोट डालेंगे। तरूण गुलाटी ने एक भाषण में कहा कि मैं लंदन को एक अद्वितीय वैश्विक शहर के रूप में देखता हूं, जो ग्लोबल बैंक के समान है, जहां विविध संस्कृतियां पनपती हैं।

### लंदन को बनाएंगे निवेश के लिए प्रमुख विकल्प

उन्होंने कहा कि मेयर के रूप में, मैं लंदन की बैलेंस शीट इस तरह बनाऊंगा कि यह निवेश के लिए प्रमुख विकल्प बन जाए, इसके सभी निवासियों के लिए सुरक्षा और समृद्धि की रक्षा हो। मैं एक अनुभवी सीईओ की तरह लंदन को प्रभावी ढंग से और कुशलता से बदलूंगा और चलाऊंगा। लंदन एक लाभदायक निगम होगा, जहां लाभप्रदता का अर्थ सभी की भलाई है।

### सादिक ने बनाया डकैतों का शहर

आपको बता दें कि सादिक खान के कार्यकाल में लंदन कट्टरपंथियों और चोर-डकैतों का शहर बन गया है। पिछले दिनों मशहूर क्रिकेटर केविन पीटरसन ने इसके लिए खुलेआम सादिक खान की आलोचना की थी और लंदन की सुरक्षा व्यवस्था को बर्बाद बताते हुए इसके लिए सादिक खान को जिम्मेदार ठहराया था। सादिक खान के कार्यकाल के दौरान लंदन में जमकर फिलीस्तीन-हमास समर्थक रैलियां निकल रही हैं, जिसकी आलोचना प्रधानमंत्री ऋषि सुनक भी कर चुके हैं।

### मेयर के पास दिल्ली सरकार जैसे अधिकार

लंदन के मेयर के पास बहुत हद तक दिल्ली के मुख्यमंत्री जितने अधिकार होते हैं। लंदन मेयर के पास पुलिस प्रशासन का अधिकार है। वहीं, परिवहन व्यवस्था, आवास जैसे मुद्दे भी लंदन मेयर इलेक्शन में काफी अहम होते हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25